
PD PAPER JUNE 2024_32 Inch January. 2021.qxd 6/20/2024 3:46 PM Page 2






## निजी अस्पताल ने आयुष्मान कार्डधारी का डायलिसिस करने से किया मना

**शहडोल (मध्य प्रदेश):** निजी अस्पताल में डायलिसिस करवाने आए आयुष्मान कार्डधारी मरीज को वापस लौटा दिए जाने का मामला सामने आया है। मरीज ने इसकी शिकायत CMHO की है। सरकार आयुष्मान कार्ड से 5 लाख रुपये तक मुफ्त इलाज का दावा करती है, वहीं यह योजना अस्पताल में सिर्फ दिखावा साबित हो रही है। शहडोल के एक निजी अस्पताल में आयुष्मान कार्डधारी गरीब मरीज को बिना डायलिसिस के ही लौटा दिया गया। मरीज ने इसकी शिकायत CMHO से की है। उमरिया जिले के नौरोजाबाद में रहने वाले 55 वर्षीय नईम उल्ला किडनी की बीमारी से ग्रसित हैं। कई बड़े अस्पतालों में इलाज के बावजूद उन्हें आराम नहीं मिला। उन्हें अब डायलिसिस करवाना पड़ रहा है। उमरिया जिले की डायलिसिस मशीन कई दिनों से खराब होने के कारण नईम अमृता अस्पताल डायलिसिस कराने पहुंचे। वहां उन्होंने अपना आयुष्मान कार्ड दिखाया और डायलिसिस करने को कहा, लेकिन अस्पताल प्रबंधन ने आयुष्मान कार्ड देख कर डायलिसिस करने से मना कर दिया। यह कहते हुए कि उनकी सीट खाली नहीं है। किसी और दिन डायलिसिस संभव है। इस बात से आहत होकर नईम वापस लौट गए और किसी तरह जिला अस्पताल में अपना डायलिसिस करवाया। अब उन्होंने मामले की लिखित शिकायत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य से की है। मरीज का आरोप है कि आयुष्मान कार्ड होने के बावजूद अमृता अस्पताल में उनका डायलिसिस नहीं किया गया। बल्कि निर्धारित राशि से अधिक राशि की मांग करते हुए उनका डायलिसिस करने से मना कर दिया गया। इस मामले में अस्पताल के मैनेजर राहुल सोनी का कहना है कि आरोप निराधार है।




## कैंसर और शुगर की नकली दवा बेचने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़

**नई दिल्ली:** कैंसर और शुगर की नकली दवा बेचने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस की अपराध शाखा ने इस मामले में सीरियाई नागरिक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कैंसर और शुगर की बीमारी में इस्तेमाल होने वाली नकली दवा बनाने वाले एक अंतरराष्ट्रीय गिरोह को पकडने में सफलता पाई। पुलिस अधिकारी के अनुसार सीरियाई नागरिक मोनिर अहमद (54) तुर्की, मिस्र और भारत में दवाओं की सप्लाई करता था। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार किए गए अन्य आरोपियों की पहचान नवीन आर्य (40), सौरभ गर्ग (34) और करण खानेजा (27) के रूप में हुई है।

पुलिस की क्राइम ब्रांच को सूचना मिली थी कि दिल्ली/एनसीआर में कुछ दवा विक्रेता अवैध रूप से नकली और अपंजीकृत जीवनरक्षक दवाएं बेच रहे हैं। सूचना के तहत पुलिस ने करोड़ों रुपये कीमत की कैंसर और मधुमेह में इस्तेमाल होने वाली कई अंतरराष्ट्रीय ब्रांड लाइफ सेविंग्स की दवाइयां जब्त की। डीसीपी राकेश पावरिया ने बताया कि पुलिस ने भागीरथ पैलेस स्थित श्री राम इंटरनेशनल ट्रेडर्स पर छापा मारा और बिक्री के लिए विभिन्न आयातित दवाओं के साथ-साथ अन्य व्यापारिक स्टॉक जब्त किया। इसकी कीमत लगभग 1.5 करोड़ रुपये बताई गई है। पता चला कि दुकान का मालिक आर्य नकली और अपंजीकृत जीवन रक्षक दवाएं बेच रहा था। दरियागंज स्थित दवा विक्रेता पर भी छापेमारी इसके बाद दरियागंज स्थित एक अलग दवा विक्रेता टेरी व्हाइट लाइफ केयर पर भी छापेमारी की गई। डीसीपी ने बताया कि दुकान की तलाशी के दौरान बिक्री/वितरण के उद्देश्य से विभिन्न आयातित बड़ी दवाओं के संदिग्ध स्टॉक के साथ-साथ लगभग 2.5 करोड़ रुपये मूल्य की अन्य दवाइयां पाई गईं।

**विदेशी नागरिकों की मिलीभगत से चल रहा गिरोह :** टेरी व्हाइट लाइफ केयर भी अवैध रूप से नकली और अपंजीकृत जीवन रक्षक दवाएं बेच रहा था। जांच के दौरान पता चला कि यह गिरोह विदेशी नागरिकों की मिलीभगत से चल रहा है। सूचना मिली थी कि सीरिया का एक विदेशी नागरिक नकली दवाओं की डील के लिए दिल्ली आ रहा है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर जाल बिछाया गया और मोनिर अहमद को पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि वह तुर्की, मिस्र की दवाओं को भारत में और भारत की दवाओं को तुर्की और मिस्र के बाजार में सप्लाई करता था। गिरफ्तार आरोपी ने पुलिस पूछताछ में बताया कि वह अक्सर भागीरथ प्लेस स्थित मार्केट जाता था। वह श्रीराम इंटरनेशनल ट्रेडर के निदेशक नवीन आर्य और टेरी व्हाइट लाइफ केयर के निद. `शक सौरभ गर्ग और करण खनेजा को तुर्की और मिस्र से आने वाली दवाएं सप्लाई करता था। कैंसर और शुगर की नकली दवा बेचने वाले अंतरराष्ट्रीय गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस की अपराध शाखा ने इस मामले में सीरियाई नागरिक सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

## पब्लिक हॉस्पिटल पर रेड, अनियमितता मिलने पर किया सील

**रामपुरः** पब्लिक हॉस्पिटल के निरीक्षण के दौरान भारी अनियमितताएं मिली हैं। मुख्य चिकित्सा कार्यालय के नोडल अधिकारी ने अस्पताल को सील कर दिया। निरीक्षण के दौरान डॉक्टर अनुपस्थित मिले और अस्पताल का रिन्यूवल भी नहीं पाया गया। नोडल अधिकारी डॉक्टर केके चहल ने बताया कि नगर में स्थित पब्लिक हॉस्पिटल की शिकायत मिली थी। इस पर अस्पताल पहुंचकर निरीक्षण किया गया। अस्पताल संचालन संबंधी दस्तावेज मांगे लेकिन दस्तावेजों में कमी पाई गई। इस कारण अस्पताल को सील कर दिया है। उनहोंने बताया कि नगर के अन्य अस्पतालों पर भी दबिश दी गई। कई अस्पताल संचालक मौके से फरार हो गए। अस्पताल संचालक ने बताया कि एक मई को उप जिलाधिकारी एवं चिकित्सा अधीक्षक द्वारा अस्पताल का निरीक्षण किया गया था। उस समय जांच अधिकारियों ने कहा कि अपने अस्पताल के सभी दस्तावेज लेकर कार्यालय में प्रेषित करें। इसी दौरान छह जून को चिकित्सा अधीक्षक मिलक द्वारा एक नोटिस अस्पताल को भेजा गया था। इसके संबंध में अस्पताल संचालक ने अस्पताल से संबंधित सभी दस्तावेज विभाग को सौंप दिए थे, जिनकी रिसीविंग भी उनके पास उपलब्ध है। अस्पताल संचालक डॉ. मोहम्मद जान ने आरोप लगाया कि सारे दस्तावेज विभाग को भेज देने के बाद भी किसी प्रकार की कोई कमी का नोटिस हमें प्राप्त नहीं हुआ और अचानक मंगलवार को नोडल अधिकारी द्वारा अस्पताल को सील कर दिया गया। उन्होंने बताया कि 30 अप्रैल को अस्पताल के रिन्यूवल के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में आवेदन किया था। इसकी विभागीय रिसीविंग भी उनके पास उपलब्ध हैं।




## आयुर्वेदिक दवाओं में मिलावट का भंडाफोड़, 10 करोड़ की दवाएं बरामद

**रायपुर (छत्तीसगढ़)।** आयुर्वेदिक दवाओं में मिलावट का भंडाफोड़ हुआ है। आयुर्वेद की जॉइंट पेन की दवाओं में एलोपैथ पेन किलर मिलाकर बाजार में बेचा जा रहा है। खाद्य एवं औषधि विभाग ने करीब 10 करोड़ रुपये कीमत की दवाएं बरामद की गई हैं। खाद्य एवं औषधि विभाग ने बीते दो सालों में प्रदेश में 11 लोगों को पकड़ा, जिसमें नौ कंपनियों के सैंपल में मिलावट की पुष्टि भी हुई है। विभाग ने दवा जब्त के बाद सैंपल जांच के लिए कलकत्ता की सेंट्रल ड्रग लाइब्रेरी में भेजा। वहां 11 में से नौ की रिपोर्ट में डाइक्लोफेनक सोडियम जैसी एलोपैथ पेन किलर की पुष्टि हुई।

**लगातार सेवन से किडनी हो सकती है फेल :** जांच विशेषज्ञों ने बताया कि इन पेन किलर की इतनी हैवी डोज मिली है, जिससे 6 महीने लगातार खाने पर किडनी फेल हो सकती है। विधानसभा के बजट सत्र में भी आयुर्वेद दवाओं के मिलावट का मुद्दा उठा था। औषधि विभाग के अनुसार रायपुर, बलौदाबाजार और राजनांदगांव से यह रैकेट ऑपरेट हो रहा है। दो साल में इन्हीं जिलों में आयुर्वेद के अंदर एलोपैथिक दवाओं के मिलावटी प्रकरण पाए गए हैं। बलौदाबाजार में 5, रायपुर में 4 और नांदगांव में 2 प्रकरण दर्ज किए गए। पकड़ी गई दवाएं गठिया, ज्वाइंट पेन की थी। इसमें दावा किया गया था कि दवाओं से बीमारी ठीक होती है। बताया गया है कि इन नकली दवाओं को आशीष गोयल और अशोक अग्रवाल मिलकर बनाते थे। इसके अलावा सर्जिफेस प्लस हैंड सेनिटाइजर को राकेश सोमानी, ताराचंद सोमानी बना रहे थे। वर्ष 2022 में फेवीमेक्स- 400 दवा भी नकली पकड़ी गई। इसमें ज्योति अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, आत्माराम अग्रवाल जैसे 14 आरोपी मिले थे। 2023 में वायटीएम वाताहरी वटी की नकली दवाओं का बड़ा जखीरा पकड़ा गया था।




4 वर्ष तक घर बैठे यह समाचार पत्र पढ़ने के लिये हमारे पंजाब नैशनल बैंक के **खाता संख्या 1824002100120081,** IFSC Code - PUNB0145020 जो कि मैडीकल दर्पण के नाम से है, में रू० 500/- जमा कर अपना पूरा पता हमारे फोन नं०- 09045029158 पर SMS कर दें।















## दवाइयां कई रोगों पर अंतरिक्ष में नहीं करती असर

**मुंबई:** दवाइयां अंतरिक्ष में कई रोगों पर असर नहीं करती हैं। इसके लिए भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान मद्रास और नासा की जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी के वैज्ञानिक अंतरिक्ष स्टेशन पर करीब 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर पाए जाने वाले रोगाणुओं का अध्ययन कर रहे हैं। ये रोगाणु दवाओं के प्रतिरोधक हो चुके हैं, यानी इन पर दवाएं काम नहीं करतीं।

गौरतलब है कि अंतरिक्ष यात्रियों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर हो जाती है और अंतरिक्ष में इलाज की सुविधाएं भी सीमित होती हैं। इसलिए उनके स्वास्थ्य के लिए ये रोगाणु खतरनाक हो सकते हैं। वैज्ञानिक यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि अंतरिक्ष के वातावरण में ये रोगाणु कैसे अपना रूप बदलते हैं और दवाओं के प्रतिरोधक बन जाते हैं। इस अध्ययन से पृथ्वी पर भी लाभ मिल सकता है। खासकर अस्पतालों के आईसीयू और ऑपरेशन थिएटर में जहां ऐसे रोगाणु जिन पर दवाओं का असर नहीं होता, वे मरीजों के इलाज में बड़ी चुनौती बन जाते हैं। वैज्ञानिकों ने खासतौर पर अंतरिक्ष स्टेशन पर पाए जाने वाले एंटरोबैक्टर बगैनडेंसिस नाम के रोगाणु पर अध्ययन किया है। यह अध्ययन अंतरिक्ष यात्रियों के स्वास्थ्य की रक्षा करने और अंतरिक्ष वातावरण में रोग पैदा करने वाले जीवाणुओं के खतरे को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है। वधवानी स्कूल ऑफ डेटा साइंस एंड एआई के डेटा साइंस और कार्तिक रामन ने कहा कि सूक्ष्मजीव सबसे कठिन परिस्थितियों में भी पनप जाते हैं। यह अध्ययन हमें यह समझने में मदद करते हैं कि इतने अनोखे वातावरण में सूक्ष्मजीव कैसे बढ़ते और जीवित रहते हैं। नासा के जेट प्रोपल्शन लेबोरेटरी की सीनियर रिसर्च वैज्ञानिक कस्तूरी वेंकटेश्वरन ने कहा कि हमारी रिसर्च सूक्ष्मजीवों के समुदायों के बीच होने वाली पारस्परिक क्रियाओं को उजागर करती है। यह बताती है कि कैसे कुछ सामान्य सूक्ष्मजीव अंतरिक्ष स्टेशन जैसे प्रतिकूल वातावरण में मानव रोगाणु, एंटरोबैक्टर बगैनडेंसिस को एडेप्ट होने और जीवित रहने में मदद करते हैं। अनुसंधान दल ने अंतरिक्ष स्टेशन के विभिन्न स्थानों से लिए गए एंटरोबैक्टर बगैनडेंसिस के सैंपल का गहन अध्ययन किया और पाया कि इनके जीनोम (आनुवंशिक संरचना) में बदलाव हो चुके हैंक्ष साथ ही ये दवाओं के प्रतिरोध के नए तरीके विकसित कर चुके हैं। इस शोध के नतीजे काफी फायदेमंद साबित हो सकते हैं। एंटरोबैक्टर बगैनडेंसिस के जीनोम में हुए बदलावों को समझने से वैज्ञानिक इस खतरनाक रोगाणु के लिए खास दवाएं बनाने में कामयाब होंगे।

## सैंपल फेल मिलने पर दो दवा निर्माता कंपनियों के खिलाफ केस

**नई दिल्ली:** सैंपल फेल मिलने पर संबंधित दो दवा निर्माता कंपनियों के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में मुकदमा दर्ज किया गया है। औषधि निरीक्षक उमेश कुमार भारती ने बताया कि अलग-अलग स्थानों से लिए गए दवाओं के दो सैंपल जांच में फेल मिले हैं। इसके चलते दोनों दवाओं की निर्माता कंपनियों व जिम्मेदार स्टाफ के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में केस दर्ज करवाया गया है। औषधि निरीक्षक ने बताया कि 26 जुलाई 2022 को कोतवाली देहात के गौड़ मेडिकल से रेबिक डीएसआर कैप्सूल (रेबीप्राजोल व डोमपेरिडोन कांबीनेशन) का सैंपल लेकर जांच के लिए भेजा था। जांच में यह अधोमानक व निम्नस्तर का पाया गया। इसमें निर्माता कंपनी जेनेका ड्रग्स, सिडकुल, हरिद्वार, उत्तराखंड तथा इसके कैमिस्ट व अन्य जिम्मेदार स्टाफ के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में केस दायर किया गया है। इसके अलावा रितिका मेडिकल स्टोर, एमएस नर्सिंग होम बिजनौर से लेक्सिमो एक्सएल टेबलेट (सेफेक्सिम व क्लेवुलेनेट कांबीनेशन) का सैंपल 19 अक्तूबर 2022 को लिया था और इसे जांच के लिए भेजा गया था।









Devanshu Pharma



We dealing with Four Division -
GENUS
Cardio - Diabetic Division
Almighty
General & Physician Division
WellGrow
Pediatric Division
IDOL
Derma Division

Quality Sharing with your Value

Our Brand Product
Budekook®
Budekook®-L
Budekook®-LD
DIPL3 Respule
LEVOKOOK

Committed to quality in all our activities
Trustworthy relationship with customer
Respect to other
Work as a Team
Believe in winning
Encourage innovative idea

VISIT / FOLLOW US
www.devanshupharma.com
www.devanshupharma.co.in
Call For Details
86055 83261
devanshupharma@gmail.com


# वेट कंट्रोल करने वाली एक और दवा को मिली परमिशन, ये है खासियत

**नई दिल्ली:** वेट कंट्रोल करने वाली एक और दवा को परमिशन मिल गई है। पश्चिमी देशों में इसके लिए ओजेंपिक या वीगोभी नाम की दवा आई है। इसमें सेमाग्लूटाइट कंपोजिशन होता है। अब ब्रिटेन में एक नई दवा को इस्तेमाल के लिए मंजूरी मिल गई है। इसका नाम माउनजारो रखा गया है। इसमें टिरजेपेटाइन कंपोजिशन है।

शरीर को खोखला कर देता है मोटापा गौरतलब है कि मोटापा एक ऐसा रोग है जो धीरे-धीरे शरीर को खोखला कर देता है। मोटापे के कारण हार्ट और किडनी को सबसे ज्यादा दिक्कत आती है। लिवर भी कमजोर होने लगता है। डायबिटीज की एक मुख्य वजह भी मोटापा है। इस मोटापे पर काबू पाने के लिए वैज्ञानिक सालों से प्रयास में जुटे हैं।

दवा का ट्रायल पूरा

ब्रिटेन के नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर हेल्थ एंड केयर एक्सीलेंस यानी नाइस ने माउनजारो को मंजूरी दी है और कहा है कि जिन लोगों का बीएमआई 35 से ज्यादा है, वे माउनजारो का इस्तेमाल कर सकते हैं। इस दवा का हाल ही में ट्रायल पूरा किया गया है। इसके तीन महीने बाद दवा को इस्तेमाल के लिए मंजूरी मिल गई है। बता दें कि मोटापे के कारण मुख्य रूप से हार्ट डिजीज, टाइप 2 डायबिटीज और स्लीप एपनिया की बीमारी होती है।

**वीगोभी से ज्यादा असरदार :** नाइस ने कहा है कि क्लिनिकल ट्रायल में टिरजेपेटाइड का जबरदस्त असर देखा गया है। अगर इस दवा के साथ हेल्दी डाइट और एक्सरसाइज का सहारा लिया जाय तो वजन पर बहुत जल्दी नियंत्रण होने लगता है। सेमाग्लूटाइड के मुकाबले यह कहीं ज्यादा असरदार है। सेमाग्लूटाइड कंपोजीशन वाली दवा वीगोभी और ओजेंपिक है जो अमेरिका में मिल रही है। इसके कई अन्य फायदे भी बताए गए हैं। वीगोभी को नोवो नोर्डिस्क कंपनी बना रही है जबकि माइनजारो को इली लिली कंपनी द्वारा बनाया जा रहा है।

**माउनजारो को इस्तेमाल करना आसान :** विशेषज्ञों के अनुसार माउनजारो को मरीज आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं। यह वीगोभी से कहीं ज्यादा लोगों को दिए जाएंगे। गाइडलाइन में यह भी कहा गया है कि माउनजारो को मरीज तब तक ले सकता है जब तक इसकी जरूरत हो, जबकि वीगोभी को ज्यादा दिनों तक लेने की मनाही है क्योकि इसके साइड इफेक्ट्स ज्यादा हैं। नाइस ने यह भी कहा है कि कोई भी व्यक्ति इस दवा का दो साल तक लगातार इस्तेमाल कर सकता है।


We can't spell S ccess without 'u'
Plusindia



* GMP and SCHEDULE M Certified Unit
* WHO MANUFACTURING PLANT
* ISO 9001:2015 Certification

PLUSINDIA Group one among 5000 Best MSME IN 2017 & Business Excellence Award Winner in 2018.

| | |
|---|---|
| BACIPLUS | Each 5 ml oral suspension contains : Bacillus Clausii Spores (UBBC-07) 2 billion spores. Susp |
| BIONORM | Thyroxine Sodium 12.5/25/50/75/100/125 mg. |
| FLOCAD | Calcium Dobesilate Monohydrate500mg Cap |
| PEREZ-100 SR | Nitrofurantoin 100mg Tab. |
| RIF 200/400 | Rifaximin 200/400mg Tab. |

Beulah Biomedics | GENXMEDICA (A DIVISION OF PLUSINDIA) | LIFE CARE HERITAGE FORMULATIONS (P) LTD. | grace PHARMA

Web site : www.plusindia.in Ph: 9440894154/9885500050
E-mail : plusindia2003@yahoo.co.in, plusindia2003@gmail.com



Contact No : 8130039907

Required All India Distributors

" शुगर का दुश्मन "
DIABOSYP
Helps Regulate Blood Sugar Power Of 20 Herbs



थायराइड के लिए | गैस राहत के लिए | हाई बीपी के लिए | महिलाओं के लिए

B-16 Metro Bazar Nangloi, New Delhi 110041
sales@perfectmedicare.in www.perfectmedicare.in


धोखा खाओ तो उठ भी जाओ,
गलती मत दोहराओ, सुधार को अपनाओ.

# प्राइवेट अस्पताल पर छापा, डॉक्टर मिले न स्टाफ, हॉस्पिटल किया सीज

**धौलपुर (राजस्थान):** प्राइवेट अस्पताल पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापामारी कर सीज कर दिया है। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार अस्पताल में मौके पर कोई डॉक्टर और स्टाफ मौजूद नहीं था। अस्पताल में दस्तावेजों की भी जांच की गई। अस्पताल में भर्ती मरीजों को जिला अस्पताल में शिफ्ट करवा दिया गया है। धौलपुर में एसडीएम साधना शर्मा ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम के साथ निजी अस्पताल श्रीमती रतन देवी हॉस्पिटल पर दबिश दी और अस्पताल को सीज की कार्रवाई की है। टीम ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया है।

बताया गया कि निरीक्षण के दौरान अस्पताल के रजिस्ट्रेशन समेत अन्य कोई भी दस्तावेज नहीं मिले और न ही वहां कोई डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ मौजूद था। जिला अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ.विजय सिंह ने बताया कि धौलपुर में कई हॉस्पिटल और नर्सिंग होम बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं। रजिस्टर्ड हॉस्पिटलों में निरीक्षण के दौरान डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ नहीं मिला था। बुधवार रात कलेक्टर के निर्देश पर मेडिकल टीम के साथ बाड़ी रोड पर संचालित श्रीमती रतन देवी हॉस्पिटल का निरीक्षण किया तो हॉस्पिटल में कोई भी दस्तावेज नहीं मिला।

प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि हॉस्पिटल में कोई भी डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ नहीं मिला। हॉस्पिटल में भर्ती मरीजों की कोई भी जिम्मेदारी लेने वाला नहीं था। जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी और एसडीएम साधना शर्मा के निर्देश पर सभी मरीजों को हॉस्पिटल से बाहर निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया गया और उनका उपचार शुरू कराया है। निजी हॉस्पिटल में आउटडोर मरीज, तीन ऑपरेशन के मरीज और एक नार्मल डिलीवरी का मरीज था। निजी हॉस्पिटल को जिला प्रशासन ने सीज कर दिया है. बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे हॉस्पिटल लोगों का कहना है कि धौलपुर आगरा जिले के नजदीक होने के कारण आगरा के डॉक्टर यहां किराए पर भवन लेकर बिना रजिस्ट्रेशन के हॉस्पिटल खोल रहे हैं। इन हॉस्पिटलों में इंचार्ज के साथ नर्सिंग स्टाफ को तैनात कर दिया जाता है। इसके बाद हफ्ते में दो बार डॉक्टर हॉस्पिटल का राउंड करने आते हैं। प्राइवेट अस्पताल अगर कोई सिजेरियन या फिर सीरियस मरीज हॉस्पिटल में भर्ती होता है तो तत्काल आगरा से धौलपुर आ जाते हैं। धौलपुर में मानकों को ताक पर रखकर निजी हॉस्पिटल और पैथोलॉजी संचालित की जा रही हैं।

# प्राइवेट अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान महिला मरीज की मौत, परिजनों का हंगामा

**नियामताबाद, चंदौली (उप्र):** प्राइवेट अस्पताल में ऑपरेशन के दौरान महिला मरीज की मौत होने पर उसके परिजनों ने हंगामा कर दिया। परिजनों ने डॉक्टरों पर ऑपरेशन के दौरान लापरवाही का आरोप लगाया है। अलीनगर थाना क्षेत्र के पचफेड़वा स्थित एक निजी अस्पताल के बाहर महिला का शव रखकर परिजनों ने हंगामा कर दिया। परिजनों का आरोप था कि अस्पताल में ऑपरेशन में लापरवाही के कारण महिला की जान चली गई। हंगामे की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उन्हें किसी तरह शांत कराया।

किडनी में पथरी का किया था ऑपरेशन फगुइया बसारिकपुर निवासी मोहन प्रसाद की पत्नी सावित्री देवी (57) की तबीयत खराब होने पर उसे पचफेडवा स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जांच के बाद डॉक्टर ने बताया कि उनकी किडनी में पथरी है। परिजनों की सहमति के बाद महिला का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के बाद महिला की हालत खराब होने लगी तो डॉक्टर ने उसे वाराणसी के हेरिटेज हॉस्पिटल के लिए रेफर कर दिया, लेकिन उन्होंने चितईपुर स्थित निजी अस्पताल में भर्ती करा दिया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। इससे आक्रोशित परिजन शव लेकर पचफेडवा स्थित अस्पताल पहुंचे और हंगामा करने लगे। मामले की जानकारी पाकर अलीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक पहुंच गए। उन्होंने किसी तरह परिजनों को समझा-बुझाकर परिजनों को शांत कराया। थाना प्रभारी शेषधर पांडेय ने बताया कि दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। फिलहाल शव परिजनों को सौंप दिया गया है और मामले की जांच की जा रही है।


Shreenamo biotech
Shreenamo Biotech Pvt. Ltd.
Plot No. 86, Sector-IIDC, IIE Sidcul, Haridwar, Uttarakhand - 249403



Contact For Export, Manufacturing & Franchise
Approved Section
Tablets | Capsules | Liquid |
Ointment | Cosmetics | Sachets
We have more than 1500 Approved Molecules
GMP | QRO | 100% | fssai
Welcome for small batches, Loan Licence, Third Party Manufacturing, PCD & Export Query from all over India.
Contact No: +91 98106 40074, +91 93126 40074, 01334-297251
Email: salesshreenamo@gmail.com | www.shreenamo.com


# टॉरेंट फार्मा का दवा के लिए टाकेडा फार्मास्युटिकल्स के साथ समझौता

**नई दिल्ली:** टॉरेंट फार्मा का वोनोप्राजन दवा के लिए टाकेडा फार्मास्युटिकल्स के साथ समझौता किया है। टॉरेंट समूह की प्रमुख कंपनी टॉरेंट फार्मास्युटिकल्स लि. की ओर से बताया गया है कि यह गैर-विशिष्ट पेटेंट लाइसेंस समझौता है। समझौते के तहत कंपनी वोनोप्राजन दवा को भारतीय बाजार में पेश करेगी।बता दें कि वोनोप्राजन दवा का इस्तेमाल एसिड से संबंधित समस्या 'गैस्ट्रोएसोफेगल रिफ्लक्स' बीमारी (जीईआरडी) के इलाज के लिए किया जाता है। इस दवा की निर्माता कंपनी ने कहा कि टॉरेंट वोनोप्राजन को अपने ट्रेडमार्क काबवी के तहत बाजार में उतारेगी। टॉरेंट के निदेशक अमन मेहता का कहना है कि हमें भरोसा है कि कैबवी पेश किये जाने से जीईआरडी की बीमारी को कम करने में मदद मिलेगी और पाचन तंत्र को प्रभावित करने वाली 'गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल' से संबंधित दवाओं की पेशकश और मजबूत होगी। इससे भारतीय दवा बाजार में एक प्रमुख कंपनी के रूप में हमारी स्थिति मजबूत होगी। 'इंडियन जर्नल ऑफ गैस्ट्रोएंटरोलॉजी' द्वारा प्रकाशित 2019 के एक अध्ययन में बताया गया है कि भारतीय आबादी में जीईआरडी का प्रसार लगभग 8.2 प्रतिशत है। वहीं शहरी आबादी में इसका प्रसार लगभग 11.1 प्रतिशत है। जीईआरडी के इलाज में उपयोग किए जाने वाली दवाओं का भारतीय बाजार 8,064 करोड़ रुपये का है। यह पिछले चार साल में आठ प्रतिशत की संचयी दर से बढ़ रहा है। वर्तमान में जीईआरडी के इलाज के लिए पैंटोप्राजोल (प्रोटॉन पंप इनहिबिटर) जैसे उपचार का उपयोग किया जाता है। दावा किया गया है कि टॉरेंट फार्मा ने कहा कि कैबवी की उपलब्धता देश में लोगों के लिए जीईआरडी के नये और प्रभावी उपचार को सुलभ बनाएगी।


Franchisee/PCD
Franchisee/PCD
Franchisee/PCD
Third Party
Third Party
Third Party
Monopoly Business Rights
AYURVEDIC & NUTRACEUTICALS
Tablets | Capsules | Syrup
Sachet | Oil (Herbal & Cosmetic) | Powder (Whey & Herbal Protein Powder)
External Preparation (Cream, Lotion, Face Wash, Shampoo & Soap)
Blue Star Laboratories | BLUE STAR NUTROSANITA PVT. LTD. | MAYLEBENS INDIA PVT. LTD.
Office: 206, Blue Star Plaza, Sarja Mkt, Opp. M2K, Sector 7, Rohini, Delhi-85
Work: Plot No.-6, Sector-56, Phase-4, HSIIDC, Kundli-131028 (Haryana)
Ph.:011-27040437, 9810165707, Email: bsnspl@gmail.com

PD PAPER JUNE 2024_32 Inch January. 2021.qxd 6/20/2024 3:46 PM Page 5



Our Range
TABLET
CAPSULE
DRY SYRUP
OINTMENT
SYRUP
INJECTABLE
HERBAL PRODUCTS
SHAMPOO
SOAP
SOFT GEL
PROTEIN POWDER
SACHET
Our Group Companies
ZANEKA Healthcare Ltd.
Ambience Pharma
R.D.N. PHARMACEUTICALS
Avrio Lifecare

Ambience Pharma
Contributing to the HEALTH of Individuals WORLD WIDE
Why WE ?
• Attractive Packing & Best Quality Medicines
• Latest Molecules & High Efficacy
• Monopoly Rights & Timely Delivery
• Competitive Price with Best Promotional Inputs
• Special Schemes for Nursing Homes & Hospitals.
• Wide Range of More than 400 Products
OUR TOP SELLING PRODUCTS
• Ampicillin 250 mg + Dicloxacillin 250 mg Capsule
• Itraconazole 400 SR / 200/ 100 Capsules
• Levofloxacin 250 mg + Ornidazole 500 mg Tablets/Kid Suspension
• Etoricoxib 60 mg + Thiocolchicoside 4 mg Tablets
• Rabeprazole 20 mg + Domperidone 30 mg Capsules
• Esomeprazole 40 mg + Domperidone 30 mg Capsules
• Cefpodoxime Proxetil 200 mg + Ofloxacin 200 mg Tablets
• Lyophilized Sachromyces Boulardii Sachets
• Rabeprazole 20 mg + Levosulpride 75 mg Capsules
• Lactitol Suspension
• Clopedogrel Tablets 75 mg
• Codeine Syrup
• Lactulose 10 g + White Dextrin 3.5 g + Polydextrose 2.1 g & Fructo-oligosaccharides 2.5 g Suspension
Third Party Manufacturing in WHO-GMP Unit.
Dedicated Plant for Clav Products.
TRADE ENQUIRES ARE WELCOME FOR PCD / FRANCHISEE / THIRD PARTY MANUFACTURING AT :-
Ph. +91-9997971077, +91-9627761357
Email :- ambiencepharma@gmail.com
www.ambiencepharma.com

अमृत और मृत्यु - दोनों ही इस शरीर में स्थित हैं. मनुष्य मोह से मृत्यु को व सत्य से अमृत को प्राप्त होता है

"यदि किसी का स्वभाव अच्छा है तो उसे किसी और गुण की क्या जरूरत है? यदि आदमी के पास प्रसिद्धि है तो भला उसे और किसी श्रृंगार की क्या आवश्यकता है?" -चाणक्य

GRAPHIC design FLYER CREATION LOGO CONCEPT COMMUNICATION MARKETING
IMPORTANT ANNOUNCEMENT
In order to help my fellow colleagues to revamp their business post Covid-19
our special discounted rates for
Visual Aids designing and printing are as follows :
Charges : Book type Rs. 35 per page + Rs 200 for book binding,
Spiral bound stand type Rs. 25 per page + Rs 200 for spiral binding
(Designing Free and no restrictions on minimum numbers of visual aids to be printed) .
Visual Aids
Catch Covers
Leave Behind Cards
Reminder Cards
Dr's Request Cards
Stickers
Packing Labels
Boxes
Physician's Samples
PRINTING
Contact or write to:
Medical Writers & Illustrators. WZ-91 B, Tatarpur (Near Metro pillar No. 431)
Tagore Garden , New Delhi-110027. Mob. 9871696965 / 9971696965
Ph. 011-25458331 / 011-45613764. email: medicalwriters01@gmail.com
Medical Writers & Illustrators

## नशीले इंजेक्शन की तस्करी रोकी, दो युवक गिरफ्तार कर भेजे जेल

**महराजगंज:** नशीले इंजेक्शन की तस्करी पकडने में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। भारत-नेपाल बार्डर से सटे बरगदवा पुलिस, स्वाट टीम व एसएसबी जवानों की संयुक्त टीम ने एक लक्जरी कार सहित प्रतिबंधित नशीली दवाओ के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। इनमे एक ठूठीबारी व दूसरा पीपीगंज का निवासी है। पुलिस ने दोनों अभियुक्तों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बार्डर एरिया में अवैध तस्करी पर रोकथाम के लिए बरगदवा पुलिस, स्वाट टीम व 22वी बटालियन एसएसबी जवानों की टीम संयुक्त रूप से जांच कर रही थी। इसी बीच दौरान मुखबिर की सूचना पर टीम ने क्षेत्र चकरार एसएसबी रोड के समीप एक संदिग्ध स्विफ्ट डिजायर कार को रोककर तलाशी ली। तलाशी में भारी मात्रा में अवैध नशीले इंजेक्शन 499 एम्पुल डायजेपम, 500 एम्पुल प्रोमेन्थोजाइन, 523 एम्पुल ब्यूरोनार्फिन, 484 अदद एनआरएक्स रैपर, दो अदद मोबाइल फोन, एक एटीएम कार्ड व 140 रुपए नगद भी बरामद हुए। इसके साथ ड्रग्स कारोबार में संलिप्त दो तस्कर क्रमशः इरशाद अली पुत्र स्व. आबिद अली निवासी ठूठीबारी और सन्नी जयसवाल पुत्र अजय जयसवाल निवासी पीपीगंज को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि उपरोक्त प्रतिबंधित दवा पीपीगंज से लाकर नेपाल राष्ट्र भेजे जाने की योजना थी। इस संबंध में एसओ स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि ड्रग्स कारोबार में संलिप्त दो तस्करों को नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली संयुक्त टीम में देवेंद्र सिंह, धीरेंद्र मिश्रा, राजवीर पाठक, दीपक सिंह, हृदय यादव, एसआई राजीव कुमार तिवारी, राजेश यादव, पवन कुमार, एएसआई दिलीप सिंह, जीडी शंभू कुमार, धनंजय कुमार शामिल रहे हैं।

## अस्पताल, क्लीनिक व सरोगेसी क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन कैंसिल

**जयपुर:** अस्पताल व सरोगेसी क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन कैंसिल कर दिए गए हैं। यह निर्णय निर्धारित मानकों पर सही नहीं पाए जाने के कारण लिया गया है। अतिरिक्त मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य शुभ्रा सिंह की अध्यक्षता में शासन सचिवालय में एआरटी एवं सरोगेसी की स्टेट एप्रोप्रिएट अथॉरिटी की बैठक हुई। बैठक में विभिन्न एआरटी बैंक-क्लिनिक एवं सरोगेसी क्लिनिकों के रजिस्ट्रेशन के संबंध में निर्णय लिए गए। अतिरिक्त मुख्य सचिव ने बताया कि बैठक में 5 एआरटी क्लीनिक निर्धारित मानकों पर सही नहीं पाए जाने के कारण इनका रजिस्ट्रेशन जारी नहीं किए गए। वहीं, 2 एआरटी बैंक, 3 एआरटी लेवल-प्रथम, 2 एआरटी लेवल-द्वितीय को भौतिक निरीक्षण के बाद जांच कमेटी द्वारा उचित पाए जाने पर रजिस्ट्रेशन प्रमाण-पत्र जारी करने का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने बताया कि एआरटी बैंक एवं सरोगेसी क्लिनिकों पर कार्यरत स्टाफ के कार्य छोड़ने, हटाने एवं नए नियुक्त किए जाने के संबंध में एक एडवाजरी जारी की जाएगी। बताया गया है कि प्रदेश में संचालित 28 एआरटी बैंक, 27 एआरटी क्लीनिक लेवल-प्रथम, 22 एआरटी लेवल-द्वितीय एवं 10 सरोगेसी क्लीनिक को निर्धारित शुल्क एवं दस्तावेज ऑथोरिटी के समक्ष जमा नहीं करवाने के कारण इनका आवेदन निरस्त करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि ईएचसीसी अस्पताल में संचालित रिसा आईवीएफ केन्द्र का रजिस्ट्रेशन न होने के कारण स्पष्टीकरण प्राप्त करने के साथ ब्लैकलिस्ट करने का भी निर्णय भी लिया गया है। रिसा आईवीएफ के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज करने के भी निर्देश दिए गए हैं। अस्पताल व सरोगेसी क्लीनिक के रजिस्ट्रेशन कैंसिल कर दिए गए हैं। बैठक में संयुक्त शासन सचिव प्रीति माथुर, निदेशक परिवार कल्याण डॉ. सुनीत राणावत, अतिरिक्त निदेशक परिवार कल्याण डॉ. के.पी. शर्मा एवं उप शासन सचिव अजय शर्मा उपस्थित रहे।

1st time in Bharat
6 in 1 Customizable ERP
Trusted by 90000 + of users across GLOBE
Finance
Sales Force Automation
HR-Payroll
E-commerce
Manufacturing Module
Supply Chain Management
CBO Central Business Online
The Perfect Way of Customizable ERP
CBO ERP Limited
An ISO 27001:2013 Company
We have1300+ Satisfied Companies
Our presence is in more than 10 countries
+91-9891886164 info@cboerp.com www.cboerp.com

जैसा मनुष्य पुराने वस्त्रों को त्यागकर, दूसरे नये वस्त्रों को ग्रहण करता है, वैसे ही आत्मा पुराने तथा वृद्ध शरीर को त्यागकर नये शरीर को प्राप्त करती है.

Our vision a Healthy World
Golden opportunity to join hands with fastest growing pharmaceutical company having widest range of products.
750 + Products
New Generation Molecules
Tablets | Capsules | Ointment/Gel | Sun Screen
Shampoo | Face Wash | Dusting Powder | Mouth Wash
Dry Syrup/Syrup/Suspension | Injectable | Protein Powder
Sachet | Softgel Capsule
Brand promotional inputs available like :
Visual-Aids | Leaflet & Pads | Product Glossary
Gifts | Reminder Cards | Visiting Card
Bags | Catch Cover
OVER 1200 SATISFIED CUSTOMER
All Brands are Trademark | International Standard Packing
Super Franchises/Franchisee/Promoters with sound financial background & pharma selling experience are welcome for distribution rights on monopoly basis for unrepresented areas, please contact to our Corporate Office
Our Divisions
abc American Biocare | WELLSBURG | Solacia | Solacia | GOIND
R.C. B NO. 2, ROOM NO. 15, CHEMBUR COLONY, CHEMBUR, MUMBAI-400074
OVERSEAS OFFICE : PARK DRIVE,MELVILLE, NEW YORK - 11747 U.S.A
CORPORATE OFFICE :
American Biocare, "Maa Sharda Niwas" 266 - Napier Town, Near Bhawartal Garden, JABALPUR - 482001 (M.P.)
Phone : +91-761-2450887 Mobile : 09479638088, 09424698888
E-MAIL : americanbiocare@gmail.com Visit us at : www.americanbiocare.in, www.americanbiocare.co.in

## ड्रग इंस्पेक्टर ने दवा दुकानों पर की रेड, सैंपल लिए

**फर्रूखाबाद:** ड्रग इंस्पेक्टर ने क्षेत्र में कई दवा दुकानों पर छापेमारी कर दवाओं के सैंपल लिए हैं। जानकारी अनुसार औषधि निरीक्षक रजत कुमार पांडेय ने कई मेडिकल स्टोरों पर निरीक्षण के दौरान अभिलेखों की जांच-पड़ताल की। कई दवा दुकानदारों को कागजात में कमियां मिलने पर नोटिस सौंपे गए हैं। ड्रग इंस्पेक्टर के मांगने पर मऊदरवाजा स्थित बाबा मेडिकल स्टोर का संचालक बिक्री अभिलेख नहीं दिखा सका। वहीं, दवा दुकान में सफाई की व्यवस्था भी उचित नहीं मिली। यहां से दो दवाओं के सैंपल लिए गए हैं। इसके अलावा बीबीगंज के बालाजी चिकित्सालय में खुले मेडिकल स्टोर का भी निरीक्षण किया गया। यहां पर कोई फार्मासिस्ट कार्यरत नहीं मिला। यहां पर भी बिना बिल के ग्राहकों को दवाइयां बेची जा रही थी। ड्रग इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों ही फर्म संचालकों को चेतावनी दी गई है कि बिक्री अभिलेख जरूर जारी करें। इन कमियों के चलते दोनों दुकानदारों को नोटिस जारी किए गए हैं। दो दवाओं के सैंपल लेकर जांच के लिए राजकीय प्रयोगशाला लखनऊ भेजा गया है। प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट आने पर ही आगामी कार्रवई अमल में लाई जाएगी। औषधि निरीक्षक ने सभी मेडिकल संचालकों को निर्देष दिए हैं कि वे मरीजों को बेची गई दवाओं का बिल अवश्य दें। इसकी अनदेखी परदवा दुकान का लाइसेंस कैंसिल भी किया जा सकता है।

## नशीले इंजेक्शन और दवाइयों की खेप के साथ एक तस्कर गिरफ्तार

**प्रयागराज:** नशीले इंजेक्शन की खेप के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किए जाने का मामला सामने आया है। यह सफलता एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स प्रयागराज यूनिट को मिली। एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स की टीम को मुखबिर से नशा तस्करी की सूचना मिली थी। सूचना के तहत टीम ने धूमनगंज इलाके से नशीले इंजेक्शन की तस्करी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एएनटीएफ ने ड्रग इंस्पेक्टर और धूमनगंज पुलिस के साथ मिलकर आरोपी को हरवारा मोड़ के पास अंडरग्राउंड रेलवे ओवरब्रिज के नीचे से काबू किया है। टीम ने आरोपी की तलाशी ली तो उसके पास मिले तीन थैलों में नशीले इंजेक्शन और दवाइयां बरामद किए। आरोपी से कुल 800 शीशी इंजेक्शन और लगभग पांच सौ निडिल, नकदी आदि बरामद हुई है। पकड़े गए आरोपी का नाम राजेश गुप्ता निवासी अबुबकरपुर बताया गया है। आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर हिरासत में ले लिया गया है और टीम उससे पूछताछ कर रही है। प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि वह कीडगंज के आशु नामक व्यक्ति से लगभग 60 रुपये में एक इंजेक्शन थोक रेट में खरीदता है। एएनटीएफ के इंस्पेक्टर अतुल सिंह ने बताया कि आरोपी का मेडिकल स्टोर भी है।

Park
ISO | GMP | GLP | WHO-COMPLIANCE SCHEDULE M
Manufacturing Facility at Baddi, Himachal Pradesh
TABLETS | CAPSULES | LIQUIDS
INJECTION | EYE/EAR & NASAL DROPS | DRY SYRUP
Proposals Invited for Marketing Tie-ups, Contact/Third Party Manufacuturing/Export Orders
Looking Distributors on PCD/Franchisee Basis in un-represented area
SCO-206, First Floor, Sector-14, Panchkula (Haryana)
PH : +91 92170-80009, +91 92183 98388
PARK CARE | SPACE CARE | Care Health
Works : Village Kalujhanda, Teh. Baddi (H.P.)
Corporate Office : SCO 206, Ist Floor, Sector-14, Panchkula (Haryana)
E-mail : gmcontpark@gmail.com
Web Site : www.parkpharma.net

PD PAPER JUNE 2024_32 Inch January. 2021.qxd 6/20/2024 3:46 PM Page 6



## मैडीकल दर्पण मीडिया हाउस की ओर से जन्मदिन पर ढेर सारी शुभकामनाएं

| | | | |
|---|---|---|---|
| SHRI PRASHANT S. JAIN JI | DHULE | 20/06/1982 | 9421245293 |
| SHALU JI | ALIGARH | 20/06/1995 | 9758395613 |
| MOHD. SHAFIQUE SHAIKHE JI | NASHIK | 20/06/1981 | 9881146986 |
| SHRI DEVARAM SHOUDHRY JI | SURAT | 21/06/1988 | 9429989890 |
| SHRI MAHESH PRASAD GUPTA JI | BARGARH | 26/06/1979 | 9861280953 |
| SHRI LALIT S. KINGER JI | DHULE | 28/06/1975 | 9923423223 |
| SHRI SURENDRA MOHAN SINGH JI | BULANDSHAHR | 28/06/1987 | 8630654874 |
| SHRI SRIJAL PATEL JI | BALAGHAT | 28/06/1993 | 9993495065 |
| SHRI NILESH CHAUDHARI JI | JALGAON | 28/06/1977 | 7588009625 |
| SHRI DEVENDRA BAHEKAR JI | GONDIA | 29/06/1968 | 7709108362 |
| SHRI SANJAY L. PARMAR JI | SURAT | 29/06/2015 | 9574244189 |
| SHRI VINAYAK M. JUNEKAR JI | BELGAUM | 30/06/1980 | 9980706531 |
| SHRI AMIT GUPTA JI | AGRA | 30/06/1974 | 9219238984 |
| MR. SHARAD PATIL JI | WARDHA | 01/07/1977 | 9503971776 |
| SHRI NILESH B. PAL JI | WARDHA | 01/07/1976 | 9922782871 |
| SHRI RAJDEEP M. FULZEL JI | NAGPUR | 01/07/1976 | 9373946499 |
| SHRI PRAVIN LADDHA JI | JALGAON | 01/07/1959 | 9822667770 |
| SHRI MUEHUL R.PATEL JI | PATAN | 02/07/1998 | 9924077700 |
| SHRI BHARAT SINGH RAO JI | SURAT | 02/07/1986 | 9601038387 |
| SHRI JAGDISH PRASAD CHAUDHARY JI | ALWAR | 02/07/1973 | 9828342939 |
| SHRI BHARAT MOHANLAL TOLANI JI | DHULE | 03/07/1971 | 9422795946 |
| SHRI MANOJ KUMAR GARG JI | AGRA | 03/07/1972 | 9411961610 |
| SHRI. SACHIN KUMAR JI | BULANDSHAHR | 03/07/1976 | 9917116423 |
| MR. VIJAY KUMAR JI | MEERUT | 04/07/1973 | 9837671474 |
| SHRI KISHOR SHARMA JI | PUNE | 04/07/1980 | 8975046079 |
| SHRI DAVARIYA JI | SURAT | 05/07/1990 | 9913296896 |
| DR. A.K. ROY (BANGALI) JI | BULANDSHAHR | 05/07/1953 | 7063773454 |
| MOHD. RIYAZ | AGRA | 05/07/1974 | 9897671595 |
| DR. DUSYANT SINGH SOLANKI JI | BULANDSHAHR | 05/07/1998 | 6395341166 |
| SHRI SHAM BHAU YEOLO | GONDIA | 05/07/1954 | 9595614861 |
| SHRI PARMANAND SINGHAL JI | ALWAR | 05/07/1964 | 9414215410 |
| SHRI RAMESH F. CHANDIWAL JI | JALGAON | 06/07/1948 | 2572223516 |
| SHRI VISHAL CHAURASIYA JI | AGRA | 07/07/1977 | 9319204978 |
| SHRI SANTOSH B.UGALE JI | NASHIK | 07/07/1981 | 9527600077 |
| SHRI KETAN V.BHAMARE JI | NASHIK | 08/07/1988 | 9579932168 |
| SHRI SANJAYKUMAR CHAURASIYA JI | AGRA | 08/07/1966 | 9927413511 |
| DR. R.K. VERMA JI | BULANDSHAHR | 08/07/1989 | 9837238714 |
| SHRI LALIT GOYAL JI | BULANDSHAHR | 08/07/1993 | 9548201602 |
| SHRI. NARENDRA KUMAR JI | BULANDSHAHR | 08/07/1997 | 9761622517 |
| SHRI MANOJ JAIN JI | ALWAR | 08/07/1967 | 9461137140 |
| SHRI NARENDRA KUMAR JI | BULANDSHAHR | 08/07/1997 | 9761622517 |
| SHRI HAREN GANDHI JI | VADODARA | 09/07/1959 | 9825012218 |
| DR. GAUTAM GAMBHIR JI | MEERUT | 09/07/1978 | 9058162614 |
| SHRI PRADIP K. SURANA JI | NASHIK | 10/07/1963 | 9422217745 |
| SHRI. MANVIRPAL SINGH JI | BULANDSHAHR | 10/07/1980 | 9758887902 |
| SHRI RAJESH KUMAR JI | AGRA | 10/07/1988 | 8445863900 |
| DR. RANJEET SINGH JI | BULANDSHAHR | 10/07/1994 | 7409646848 |
| SHRI VIRPAL SINGH JI | BULANDSHAHR | 10/07/1980 | 9758887902 |
| SHRI SHASHIKANT.R DHAMNE JI | NASHIK | 11/07/1971 | 9890177960 |
| SHRI VEERBHAN KEVALRAMANI JI | NAGPUR | 11/07/1974 | 9373294141 |
| SHRI SHASHIKANT P. DHAMNE JI | NASHIK | 11/07/1976 | 9890177960 |
| SHRI PRAMOD BANKHELE JI | PUNE | 14/07/1982 | 9890245999 |
| SHRI. NARESH SINGH JI | BULANDSHAHR | 15/07/1975 | 9719677483 |
| SHRI PARAS SHAH JI | SURAT | 15/07/1975 | 9825406233 |
| SHRI. RAGIB JI | BULANDSHAHR | 15/07/1994 | 8958888125 |
| SHRI NARESH SINGH JI | BULANDSHAHR | 15/07/1975 | 9719677483 |
| DR. OM PRAKASH SINGH JI | MEERUT | 15/07/1958 | 8791447726 |
| DR. K.P. SHARMA JI | MEERUT | 15/07/1992 | 9084444609 |
| DR. WASIM CHAUHAN JI | MEERUT | 16/07/1982 | 9719801951 |
| MR. MOHIT SINGH JI | MEERUT | 19/07/1987 | 9837955198 |
| SHRI VIPIN KUMAR JAIN JI | AGRA | 20/07/1975 | 9927622298 |
| Dr. SATENDRA SINGH JI | BULANDSHAHR | 20/07/1994 | 8445082809 |
| SHRI ASIF KHAN JI | JALGAON | 20/07/1984 | 9730402053 |

## बेस्ट प्राइस फार्मेसी से बेचे गए इंसुलिन इंजेक्शन नकली मिले

जबलपुरद्य बेस्ट प्राइस फार्मेसी से बेचे गए इंसुलिन इंजेक्शन की गुणवत्ता संदिग्ध पाई गई है। रसल चौक स्थित इस दुकान से इंजेक्शन बेचने वाले एक उपभोक्ता ने दवा को प्रभावहीन बताने की शिकायत दी। मामला संज्ञान में आने पर औषधि प्रशासन विभाग ने दुकान पर दबिश दी।

औषधि निरीक्षक ने मौके से दवा दुकान में रखे इंसुलिन इंजेक्शन के 13 नग जब्त कर लिए हैं। रात के समय दवा दुकान का निरीक्षण करने पहुंचे औषधि निरीक्षक को प्रारंभिक जांच में गड़बड़ी मिली है। बार कोड स्कैन करके देखने पर उपभोक्ता की शिकायत प्रथम दृष्टतया सही पाई गई है। दवा दुकानदार से संबंधित इंसुलिन इंजेक्शन की खरीद व बिक्री की जानकारी मांगी गई है। वहीं, दवा भंडारण के मानकों का भी परीक्षण किया जा रहा है। औषधि विभाग अधिकारी के अनुसार संबंधित दवा निर्माता कंपनी और उसकी सप्लाई करने वाले थोक व्यापारी से भी मामले में जानकारी ली जा रही है। राज्य प्रयोगशाला से मिली रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल औषधि विभाग ने संबंधित बैच के इंजेक्शन की बिक्री पर रोक लगा दी है। शिकायतकर्ता अनुराग यादव ने बताया कि वह शुगर रोगी है। इसके लिए वह इंसुलिन के इंजेक्शन लेता है। बीते माह उसने रसल चौक स्थित बेस्ट प्राइस फार्मेसी से इंसुलिन इंजेक्शन खरीदा था।

इस इंजेक्शन के प्रयोग के बाद उसके शरीर में मुधमेह का स्तर बढ़ गया। लगातार इस्तेमाल के बाद उसके मुंह में छाले पडने लगे। इस बीच दवा की जानकारी जांचने के लिए बारकोड स्कैन किया तो उत्पाद के बारे में जनरल परपस क्लीनर लिखा आया। तब उसने औषधि विभाग को इसकी शिकायत दी।




## केडीजरेक्स की 38 बोतलें बरामद

**शिमला:** नशीली दवा का जखीरा जब्त करने में पुलिस टीम को भारी सफलता मिली है। पांच आरोपियों को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने गुप्त सूचना मिलने पर अप्पर शिमला के चौपाल कस्बे में आरो. पियों को धर दबोचा। निरीक्षण के दौरान पता चला कि आरोपी एक निजी भवन में किराए के कमरे में नशीली दवाओं की तस्करी को अंजाम दे रहे थे। गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों में नेरवा निवासी 25 वर्षीय चिराग और 25 वर्षीय निशांत, चौपाल निवासी 31 वर्षीय राकेश, 34 वर्षीय गुलशन और कुपवी निवासी 25 वर्षीय पवन शामिल हैं। डीएसपी चौपाल सुशांत शर्मा ने बताया कि अभियुक्तों के खिलाफ चौपाल थाने में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। पकड़े गए सभी नशा तस्कर युवा हैं। डीएसपी ने अभिभावकों से अपने बच्चों पर सतर्क रहने और उन पर नजर रखने का आह्वान किया है।




## लाइसेंस के बिना चल रहा मेडिकल स्टोर सील

**रायबरेली:** लाइसेंस के बिना चल रहे एक मेडिकल स्टोर को सील करने का मामला प्राकश में आया है। टीम ने स्टोर पर 30 हजार रुपये कीमत की दवाइयां सीज कर दी हैं। जिले के परशदेपुर-अमेठी मार्ग पर मटियारा चौराहा पर बिना लाइसेंस के मेडिकल स्टोर पर ड्रग इंस्पेक्टर ने दबिश दी। विरोध करने पर डीह व परशदेपुर चौकी पुलिस को मौके पर बुलाना पड़ा। औषधि विभाग की टीम ने 30 हजार रुपये कीमत की दवाओं की सीज कर दिया है। इसके अलावा, मौके से चार संदिग्ध दवाओं के सैंपल भी लिए गए हैं।



PD PAPER JUNE 2024_32 Inch January. 2021.qxd 6/20/2024 3:46 PM Page 7



Contract Research manufacturer
In Quality and state of Art sections of-
AYURVEDIC AYUSH MARK PRODUCTS
TABLET | CAPSULES | OIL | BHASMA | SYRUP
COSMECEUTICALS
SERUM | PSORIASIS | VITILIGO | SKIN CARE | HAIR CARE
ALLOPATHIC
TABLET | CAPSULE | OINTMENT
NUTRACEUTICALS
Rajani Healthcare Products
Office Address: Purva Complex, Sadashiv Peth Pune 411 030, Maharashtra India
Plant: E-18/1, Jejuri MIDC Tel: Purander Dist: Pune Maharashtra India 412 303, www.rajanipharma.com
pharma789@gmail.com, export.rhcp@gmail.com, info@rajanipharma.com, business@rajanipharma.com
+91 20 24471007 +91 20 24473132 +91 9823096996 +91 8793340533 +91 9168316618 +91 9604639665

## मेडिकल स्टोर का लाइसेंस नोटिस का जवाब नहीं देने पर सस्पेंड

**कटनी (मप्र):** मेडिकल स्टोर का लाइसेंस नोटिस का जवाब नहीं देने पर सस्पेंड कर दिया गया है। औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम का उल्लंघन करने पर माधवनगर स्थित जीवन ज्योति हॉस्पिटल के अजय मेडिकल स्टोर को नोटिस जारी किया गया था। नोटिस का जवाब तय समय पर नहीं देने से औषधि अनुज्ञप्ति प्राधिकारी मनीषा धुर्वे ने अजय मेडिकल स्टोर का लाइसेंस दो दिवस के लिए तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है। निलंबन अवधि में मेडिकल स्टोर पूर्णतः बंद रखने एवं दवाओं की खरीद व बिक्री पूर्णतः बंद रखने के निर्देश दिए गए हैं।

औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन मनीषा धुर्वे ने बताया कि कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देशानुसार जिले के मेडिकल स्टोर के संबंध में मिलने वाली शिकायतों के आधार पर जांच की जा रही है। इसी क्रम में जीवन ज्योति हॉस्पिटल, माधवनगर गेट के सामने स्थित अजय मेडिकल स्टोर के बारे में शिकायत दी कि ग्राम गुलवारा निवासी हार्ट के मरीज नंदलाल बर्मन को जीवन ज्योति हॉस्पिटल के अजय मेडिकल द्वारा एक्सपायरी दवा दी। इस दवा के सेवन से मरीज का स्वास्थ्य खराब होने की शिकायत मिली

शिकायत मिलने पर औषधि निरीक्षक जिला कटनी ने 27 मई 2024 को जीवन ज्योति हॉस्पिटल स्थित मैसर्स अजय मेडिकल स्टोर की जांच की और फार्मासिस्ट अजय जैन ने शिकायत के साथ संलग्न इस्टीमेट बिल पर तिथि अंकित नहीं होने तथा उनकी दुकान का है या नहीं, उन्हें याद नहीं होने होने की बात कही। जांच में यह भी पाया गया कि दुकानदार ने मरीज नंदलाल बर्मन को दवाइयों का कोई बिल भी नहीं दिया। जांच के समय प्रो. अजय जैन को कुछ औषधियों के खरीद व बिक्री का रिकार्ड दो दिन में कार्यालय में प्रस्तुत करने को कहा गया। बिलों की जांच करने के बाद यह पाया गया कि कुछ औषधियों के विक्रय बिल ओवर राइटिंग करके सुधारे गये हैं। औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम 1940, नियमावली 1945 के नियम 65(4) का उल्लंघन पाये जाने के संबंध में औषधि अनुज्ञापन प्राधिकारी, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, जिला कटनी ने नोटिस भेजकर प्रो. अजय जैन से स्पष्टीकरण मांगा था। नोटिस का उचित समय में स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं किया गया। इसके चलते अजय मेडिकल स्टोर को प्रदत्त औषधि अनुज्ञप्ति को दो दिवस के लिए तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।

ALSO AVAILABLE VETERINARY PRODUCT
AdHyA Pharmaceuticals Pvt. Ltd.
A Symbol of Excellence in Health Care To Serve Quality Medicines.
Excise Free Zone
Beta & Non Beta
Alu Alu Pack Available
A Wide Range of Syrups, Tablets Capsules, Dry Syrup
Come Join Hands with us:
• Bulk order manufacturing.
• Loan licence arrangement.
• Third party/marketed by arrangement.
• For sole marketing rights for unrepresentated areas.
Interested parties may contact :
KULDEEP SINGH
Mob. : 09927034515, 9837034518
AdHyA Pharmaceuticals Pvt. Ltd.
Believe in Quality & Service
197, Raipur, Bhagwanpur, Roorkee, Haridwar (U.K.)
E-mail : adhyapharmaceuticals@gmail.com
adhyaprinting@gmail.com

Matteo
Committed for healthier lives
Matteo Formulation Pvt. Ltd.
Contact for 3rd Party Manufacturing, Export & PCD Franchise
GMP & ISO 9001:2015 CERTIFIED
TIMELY DELIVERY
ATTRACTIVE PACKING
100% QUALITY ASSURANCE
SPECIALIZATION IN PSYCHOTROPIC & NEUROLOGY DRUG MANUFATURING
WE HAVE MORE THAN 1000 APPROVALS
TABLETS
CAPSULES
ADDRESS- Matteo Formulation Pvt. Ltd. (GMP & ISO 9001:2015 Certified Company) Plot No. 51, Lakeshwari, Bhagwanpur, Roorkee, Distt. Haridwar (UK)-247661
M No. :- 9826075466
Website - www.matteoformulation.com
E-mail - matteoformulation@gmail.com
matteoformulationbd@gmail.com

## ऑक्सिटोसिन इंजेक्शन के काले कारोबार का पर्दाफाश, दो युवक गिरफ्तार

**नई दिल्ली:** ऑक्सिटोसिन इंजेक्शन लगाकर पशुओं में दूध बढ़ाने के अवैध धंधे का पर्दाफाश हुआ है। वजीराबाद पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सोनिया विहार के शिवम (19) और फिरोज (50) के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपियों से ऑक्सिटोसिन इंजेक्शन के ढाई लीटर वाली 200 बोतलें, कच्चा माल, केमिकल और पैकिंग का सामान बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे दिल्ली के कई डेयरी संचालकों को ऑक्सिटोसिन इंजेक्शन की बोतलें सप्लाई करते थे। डेयरी वाले ज्यादा दूध पाने के लिए गाय-भैंसों को यह इंजेक्शन लगाते हैं। नॉर्थ डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि एक याचिकाकर्ता की शिकायत पर दिल्ली हाईकोर्ट ने डेयरी में ऑक्सिटोसिन के इस्तेमाल की जांच के लिए कमिश्नर नियुक्त किया था।

पुलिस, कोर्ट कमिश्नर और बाकी लोगों की टीम ने झड़ौदा डेयरी कॉलोनी में छापेमारी की। वहां एक डेयरी से ऑक्सिटोसिन की चार बोतलें मिलीं। डेयरी मालिक सुरेंद्र उर्फ सुंदर को हिरासत में ले लिया गया। पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि उसका नौकर प्रदीप ऑक्सिटोसिन लाता था। वह फोन बंदकर गायब है। पुलिस ने सीडीआर के आधार पर जांच शुरू की। पता चला कि सोनिया विहार निवासी शिवम ऑक्सिटोसिन सप्लाई करता है। पुलिस ने शिवम को सोनिया विहार से दबोच लिया। आरोपी ने बताया कि वह ऑक्सिटोसिन इंजेक्शन की बोतलें अपने घर पर तैयार करता है। पुलिस ने उसके घर पर छापेमारी कर भारी मात्रा में ऑक्सिटोसिन की बोतलें, केमिकल और बाकी सामान बरामद कर लिया। शिवम ने बताया कि उसे कच्चा माल फिरोज नाम का युवक सप्लाई करता है। छानबीन के बाद पुलिस ने आरोपी फिरोज को दबोच लिया। फिरोज ने बताया कि उसे राकेश ऑक्सिटोसिन बनाने के लिए कच्चा माल सप्लाई करता है। इसे वह आगे बेच देता है। पुलिस राकेश की तलाश कर रही है।

**ऑक्सिटोसिन दूध से नुकसान :** गाय व भैंस आदि पशुओं में दूध की मात्रा बढ़ाने के उद्देश्य से पशु पालक ऑक्सिटोसिन के इंजेक्शन लगाते हैं। इनसे दूध का इस्तेमाल करने पर कई प्रकाश के रोग होने की संभावना तेज हो जाती है। उदाहरणतया, एलर्जी होने से खुजली और सूजन बढ़ती है। इसके अलावा, गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल यानी पेट से जुड़ी दिक्कतें और हार्मोनल बैलेंस बिगडने का डर भी बना रहता है। वहीं, इन इनजेक्शन से मवेशियों की भी सेहत खराब होती है।

## नशीली दवा अवैध रूप से ले जा रहे 2 युवक बाइक सहित अरेस्ट, भेजे जेल

**अनूपपुर:** नशीली दवा को अवैध रूप से ले जा रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने दवा तस्करी में इस्तेमाल की जा रही बाइक भी जब्त कर ली है। दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस ने रामनगर थाना अंतर्गत अनूपपुर की ओर से नशीली दवा लेकर आ रहे दो युवको को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 290 नग टैबलेट के 29 पत्ते कुल 2900 एमजी के साथ बरामद किए हैं। आरोपियों की बाइक को भी जब्त कर दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया। दोनों आरा. `पियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। उप निरीक्षक थाना रामनगर श्यामलाल मरावी ने बताया कि दो युवक 39 वर्षीय दीपक पाल पुत्र राकेश पाल एवं 27 वर्षीय दुर्गा प्रसाद उर्फ मोहन कोल पुत्र लालमन कोल 27 वर्ष निवासी राजनगर अनूपपुर की ओर से नशीली दवाएं लेकर आ रहे थे। इनके बारे में सूचना मिलने पर केरहा नाला के पास पुलिस ने घेराबंदी कर आरोपितों को पकड़ लिया। आरोपियों की तलाशी ली गई और उनके कब्जे से कब्जे से 290 नग टैबलेट 29 पत्ते कुल 2900 एमजी बरामद कर ली। उनकी बाइक को भी कब्जे में ले लिया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 8बी 21,22 एनडीपीएस एक्ट एवं 5/13 मध्य प्रदेश ड्रग कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया है।

**ज्ञान धन से उत्तम है, क्योंकि धन की तुम्हें रक्षा करनी पड़ती है परन्तु ज्ञान तुम्हारी रक्षा करता है**

APS
A Name Synonym With... Topmost Quality & Time Bound Deliveries
WHO-GMP & ISO 9001 CERTIFIED COMPANY
THIRD PARTY MANUFACTURING FACILITIES AVAILABLE WITH SPARE CAPACITY
TABLETS
CAPSULES
ORAL LIQUIDS
BETALACTAM & NON-BETALACTAM
OINTMENTS & LOTION
Dry syrup
PREMIUM BRANDS
INVITES FRANCHISEE / DISTRIBUTORS / SALES PROMOTERS FOR UNREPRESENTED AREA
More than 100 Brands
Attractive Packing in Blister / Alu - Alu / Strip
Full promotional Support
Visual- Aids
Catch-Cover
FERROGOLD, PEPZIT, BICY-5, APSOWIN, DOTY, Apsonim-SP, RABIK DSR, APSTEL, CLAFY-O, PSYCOPIR, Apspride-M1, HEPTRILIN, LV-FLEX
WHO-GMP CERTIFIED
CORP FOR DOMESTIC EXPORTS
PLEASE CONTACT :
APS BIOTECH PVT LTD
Plot No. 21, Raipur, Bhagwanpur, Roorkee- 247661 (Uttarakhand)
Mob.:- 06395947077, 09719311088, 09719411089
E-mail : apsbiotech@rediffmail.com, apsroorkee@yahoo.com
Website : www.apsbiotech.in

## ग्लेनमार्क फार्मा को यूएसएफडीए से दवा की मिली मंजूरी

**नई दिल्ली:** ग्लेनमार्क फार्मा को यूएसएफडीए से दवा की मंजूरी मिल गई है। कंपनी को यह मंजूरी एसोमेप्राजोल मैग्नीशियम डिलेड रिलीज के लिए मिली है। गौरतलब है कि इस दवा का इस्तेमाल चुनिंदा पेट और आहार नली से जुड़ी बीमारियों के इलाज में किया जाता है। इसमें एसिड रिफ्लक्स और अल्सर जैसी बीमारियां शामिल हैं। दवा के इस्तेमाल से पेट में एसिड की मात्रा में कमी आती है। इसके इस्तेमाल से हर्टबर्न और किसी चीज को खाने में आ रही दिक्कत में कमी आती है। यह दवा 20 मिलीग्राम क्षमता में उपलब्ध है। दवा की सालाना बिक्री 25.9 करोड़ डॉलर रही बता दें कि अमेरिका में इस दवा का वितरण ग्लेनमार्क फार्मास्यूटिकल्स इंक करेगी। पिछले 1 साल के अंदर अमेरिका में इस दवा की सालाना बिक्री 25.9 करोड़ डॉलर रही है।

ALWAISWIN Pharma India Pvt Ltd
Deals In:- Herbal, Food, Neutraceuticals Syrup, Injectables, Softgel
Our Company registered Products:
Almonx 500 | Orthogard- BP | Alrabe-DSR | Nerviwin-M
Almonx Cv625 | Orthogard- NP | Alvit-Grow 16G | Nerviwin150
Almonx LB | Orthogard- MR | Alvit- Active12G | Nerviwin GB
Almonx 250 | Orthogard Gel | Alvicof-dx | Nerviwin 300
Call Us:-9815003544,7784849000
Franchise Available For Vacant States
Attractive Packings | Third Party Enquiry Also Welcome | Best Quality Products
Head Office:-18-f-Big B Complex Rotary Chowk Baddi (H.P)
G.Mail:- alwaiswinpharma@gmail.com
Our web:-alwaiswinpharma.com

डा0 अखिलेश अग्रवाल
MBBS : M.S. (ophth.)
नेत्र चिकित्सक एवं फेको सर्जन
समय-प्रातः 10 बजे से 2.30 बजे
सांय 6 से 8 बजे तक (रविवार सांयकाल अवकाश)

PATIENT SAFETY & QUALITY OF CARE NABH ACCREDITED
ECO-2021-0153

डा. अंशू अरोड़ा
MBBS, MS, FRCS
रेटिना (आंख का परदा) सर्जन
प्रत्येक बृहस्पतिवार 11 से 1 बजे तक

डा. रितु राज बरूआ
MBBS, MS
(ओक्युलोप्लास्टिक सर्जन) Max Hospital, Delhi
पलन का गिरा होना, नासूर, आंखों का तिरछा होना
पलकों का सूजन (Orbital Fracture etc.)
प्रत्येक माह का तीसरा सोमवार समयः 10 से 12 बजे



- मोतियाबिन्द के बाद झिल्ली हटाने की सुविधा। (Carl-zeiss-Yag Laser)
- OCT द्वारा आँख के पर्दे (Retina) की जाँच। (Nidek Oct-Retina Scan Duo)
- Field Charting - Humphreys Field Analyzer द्वारा।
- Lenstar द्वारा मोतियाबिन्द में लैंस के नम्बर की सटीक जांच।

*On Panel - ECHS* (ईसीएसएस), *Ayushman Bharat* (आयुष्मान भारत)
Ericson, Health India, Max Buppa, Signa TTK, IFFCO Tokio, Aditya Birla Health, Raksha TPA, Vipul TPA, Heritage India, Star health insurance, Care health insurance



जनपद बुलन्दशहर का एकमात्र
NABH Accredited हॉस्पिटल
फेको सर्जरी (बिना टांके का मोतियाबिन्द का आपरेशन)
विश्व की सर्वोत्तम मशीन (Ozil-Centurion Gold) मशीन द्वारा
ओजस आई केयर
जनपद में एकमात्र सुपर स्पेशलिटी आई हॉस्पिटल
दिल्ली रोड, भूड़, बुलन्दशहर।
मैनेजर–8923081777, रिसेप्शन–8979415070, 9219414085

## औषधि विभाग ने दवा दुकानों पर की छापेमारी, दवा दुकानदार शटर गिराकर भागे

**नरकटियागंज:** औषधि विभाग ने कई कैमिस्ट शॉप्स पर छापेमारी की है। टीम को देख कई दवा दुकानदार शटर गिराकर फरार हो गए। छापेमारी के दौरान दवा दुकानदारों में हडकंप मच गया। टीम में ड्रग इंस्पेक्टर नागेंद्र कुमार व सहायक ड्रग नियंत्रक सतीश कुमार इंदल कुमार आदि शामिल रहे।

इन मेडिकल स्टोर पर दी गई दबिश : शहर में सहायक औषधि नियंत्रक सुषमा कुमारी के नेतृत्व में तीन सदस्यीय टीम ने दवा दुकानों में दबिश दी। रेड के दौरान टीम ने पायल मेडिकल, शिफा इमरेंसी हॉस्पीटल में दवा दुकान व भारत मेडिकल को बंद कराया। इसके अलावा दिलीप फार्मा, भवानी मेडिकल हॉल की अधिकारियों ने जांच की। इनके अलावा, पूजा मेडिकल ड्रग हाउस, रंजीत मेडिकल हॉल आदि दुकानें बंद मिलीं। जांच के दौरान एक्सपायर दवा, दवाओं के कागजात, लाइसेंस, प्रतिबंधित दवाओं आदि की जांच की गई। दुकानदारों से खरीद व बिक्री के बारे में पूछताछ की गई। सहायक औषधि नियंत्रक सुषमा कुमारी ने बताया कि जांच के बाद दवा दुकानदार को दवा संबंधित सभी कागजात के साथ कार्यालय बुलाया गया है। कागजातों में कोई कमी मिली तो कार्रवाई की जाएगी।

## प्रतिबंधित नशीली दवा के साथ तस्कर गिरफ्तार, जेल भेजा

**रक्सौल:** प्रतिबंधित नशीली दवा की बड़ी खेप के साथ पुलिस ने एक तस्कर को पकड़ा है। हरैया थानाध्यक्ष अनुज कुमार सिंह के अनुसार नशीली दवा की तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने परेउआ रेल फाटक के पास छापेमारी करके एक तस्कर रोहित कुमार को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की तलाशी करने पर उसके पास से 360 शीशी प्रतिबंधित नशीली दवा कफ सिरप मिली है।

पुलिस रेल फाटक के पास संदिग्ध लोगों पर नजर रखे हुए थी। इसी दौरान तेज गति से शहर की ओर से आ रहे एक बाइक सवार को रोककर तलाशी ली गयी। तलाशी में बाइक पर छुपाकर रखी गई प्रतिबंधित नशीली दवा की खेप मिली।

## नकली दवा निर्माताओं पर नकेल कसेगी तेलंगाना सरकार

**हैदराबाद:** नकली दवा निर्माताओं पर जल्द ही नकेल कसी जाने वाली है। इसके लिए तेलंगाना ने सख्त कदम उठाए हैं। 17 ड्रग इंस्पेक्टरों को नियुक्ति पत्र वितरित किए इस संबंध में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री दामोदर राजनरसिम्हा ने बताया कि सरकार ने नकली दवा निर्माताओं पर नकेल कसने के लिए सख्त कदम उठाए हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने 17 ड्रग इंस्पेक्टरों को नियुक्ति पत्र वितरित किए, जिनमें से पांच को जोन 1 और 12 को जोन 2 में नियुक्त किया गया। इनका चयन तेलंगाना लोक सेवा आयोग द्वारा मेरिट के आधार पर किया गया। 17 ड्रग इंस्पेक्टरों को विभाग को मजबूत बनाने के लिए काम करने का निर्देश दिया गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री राजनरसिम्हा ने कहा कि नकली दवाओं को रोकने के लिए निरंतर निगरानी के लिए नए ड्रग इंस्पेक्टरों की नियुक्ति की गई है। मंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को समाज के लाभ के लिए नौकरी के कर्तव्यों को बड़ी जिम्मेदारी के साथ निभाने का निर्देश दिया। इस कार्यक्रम में राज्य परिवार कल्याण आयुक्त, औषधि नियंत्रण प्रशासन, महानिदेशक (प्रभारी) आरवी कर्णन और संयुक्त निदेशक राम दान आदि शामिल रहे।

## अवैध नशा मुक्ति केंद्रों पर छापेमारी, एक कमरे में बंद मिले 30 नशेड़ी

**नोएडा:** अवैध नशा मुक्ति केंद्रों पर छापेमारी का मामला सामने आया है। दबिश के दौरान अवैध केंद्र के एक कमरे में 30 नशेड़ी बंद पाए गए। यह कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग के अधीन जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ (डीटीसीसी) की टीम ने पुलिस के साथ की। स्वास्थ्य विभाग के अधीन जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ (डीटीसीसी) की टीम ने सेक्टर-63ए में बिना लाइसेंस अवैध रूप से चलाए जा रहे नशों मुक्ति केंद्रों के खिलाफ छापेमारी की गई। छापे की सूचना से दो संचालक नशा मुक्ति केंद्र बंद कर फरार हो गए। अन्य दो नशा मुक्ति केंद्रों में भारी अनियमितताएं मिली हैं। एक छोटे से कमरे में कहीं 27 तो कहीं 30 मरीज भर्ती मिले हैं।

**कमरे में 30 मरीज भर्ती मिले :** छापेमारी की सूचना से दो संचालक नशा मुक्ति केंद्र बंद कर फरार हो गए। जबकि दो नशा मुक्ति केंद्रों में कई अनियमितता मिली है। जहां एक छोटे से कमरे में कहीं 27 तो कहीं 30 लोग भर्ती मिले। टीम के मांगने पर केंद्र संचालक जरूरी लाइसेंस नहीं दिखा पाए। इस कारण उन्हें नोटिस सौंपे गए हैं। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर केंद्र संचालक के खिलाफ एफआइआर दर्ज करवाई जाएगी। स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों का कहना है कि सेक्टर-63ए के सी-26, सी-32, सी-104, डी-391 में नशा मुक्ति केंद्र के संचालन की सूचना मिली थी। कार्रवाई के लिए टीम गठित की गई थी। लेकिन टीम के मौके पर पहुंचने से पहले सी-26 और सी-32 के घर में संचालित नशा मुक्ति केंद्र का संचालक केंद्र को बंद कर फरार हो गया। पुलिस और प्रशासन के रिकार्ड में इन नशा मुक्ति केंद्रों का ब्योरा नहीं है। यहां ठहरे लोगों का भौतिक सत्यापन नहीं कराया गया था।

डीटीसीसी की सलाहकार डा. श्वेता खुराना का कहना है कि सेक्टर-63 कोतवाली पुलिस की ओर से सेक्टर-63 में चल रहे चार नशा मुक्ति केंद्रों की जानकारी दी गई थी। पुलिस टीम को साथ लेकर सोमवार को चार नशा मुक्ति केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। दो के संचालक जानकारी होने पर केंद्र को बंद करने के साथ यहां रहने वाले लोगों को दूसरी जगह ले गए। इस कारण वहां लोग भर्ती नहीं मिले, लेकिन दो केंद्रों में अनियमितता मिली हैं।

Jaibavvethub Veterinary Divison
Veterinary Products Franchisee opportunity near you.
WHO-GMP & ISO 9001CERTIFIED COMPANY
We offer full range of
INJECTABLES | LOTIONS
BOLUS | OINTMENTS
LIQUID | FEED SUPPLEMENTS
SOAPS | SHAMPOO/SPRAY
At Present we have more than 100 products With Full Monopoly rights.
we are looking Distributors on PCD/Franchise Basis in an un-Represented Area.
brand Promotional Input like-
Visual Aid | Sample catch covers
Visiting Card | Product literature
M.R. Bags | Gifts
For Further Information Please Contact us.
7876254019
jaibavvethub@gmail.com
www.jaibavvethub.com

## क्षणिकाएं

1. अच्छा व्यवहार, लोक. प्रियता लाएगी। बुरा व्यवहार, अकेला कर जाएगी।
2. गति पर, नियंत्रण चाहिए। वरना, हड्डिया तुड़वाईए।
3. बढ़ती आयु में, दुखी मत हो पाओ। सामंजस्य बिठाओ, सब में घुल मिल जाओ।
4. पूरे परिवार ने, साथ में खाना खाया। भोजन का स्वाद, अलग निखर पाया।
5. व्यवहार में, नम्रता लाओगे। निश्चित ही, खुशियां पाओगे।
6. बदलते समय के साथ, आप भी बदल पाइये। पर कुछ भी हो जाये, संस्कारों को भूल न जाइये।

27, ललितपुर कॉलोनी, डॉ. पी.एन. लाहा मार्ग लश्कर, ग्वालियर (म०प्र०)
मो० न० : 9826611169

BADRIVAS BIOTECH PVT. LTD.
Khasra No. 10 & 11 Village. Makkhanpur Bhagwanpur
Roorkee-247661, Dist. Haridwar (Uttarakhand)
New Formulations | NRx | Neutraceutical, Cosmetic, Veterinary Products | Diabetic | Cardiac | Beta-lactum | Neuro | Psychiatric

Contact For Export, Manufacturing & Franchise
Approved Section
Tablets | Capsules | Liquid | Ointment | Nutraceuticals
We have more than 5500 Approved Molecules
Welcome for small batches, Third Party Manufacturing, PCD & Export facility available.
Contact No. :- +91 72538 01212 , +91 72538 11212, +91 92580 45068
Email :- badrivasindia@gmail.com | www.badrivasbiotech.com

## फार्मासिस्ट भर्ती में फर्जीवाड़े का मामला पकड़ में आया, जांच करने वाले भी हैरान

**जयपुर (राजस्थान):** फार्मासिस्ट भर्ती में भारी फर्जीवाड़े का मामला पकड़ में आया है। इस मामले की जांच करने वाले भी हैरान हैं। गौरतलब है कि राजस्थान फार्मासिस्ट भर्ती 2023 के लिए अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच की अंतरिम रिपोर्ट आ चुकी है। ड्रग कंट्रोलर ने 20 से अधिक टीमें बनाकर प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों और बाहर के सरक. ारी व निजी विश्वविद्यालयों से उत्तीर्ण कर आए अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच की थी। जांच में हैरान करने वाले मामले सामने आए हैं। जांच में कुल एक हजार 115 अभ्यर्थियों के दस्तावेज सही पाए गए हैं लेकिन 112 फार्मासिस्ट अभ्यर्थियों के दस्तावेज संदेह के घेर में आए हैं। वहीं, 301 अभ्यर्थियों की जांच प्रक्रियाधीन है। ड्रग कंट्रोलर अजय फाटक ने बताया कि राज्य स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण संस्थान ने भर्ती के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों की जांच का काम सौंपा था। इसकी रिपोर्ट सौंप दी गई हैं। 10 यूनिवर्सिटी ने सर्टीफिकेट जारी नहीं करने की बात कही है। पांच यूनिवर्सिटी ने मार्कशीट को संदेहास्पद माना है। जांच में सामने आया कि राजस्थान फार्मेसी काउंसिल और मेघालय की सीएमजे यूनिवर्सिटी ने 3 फार्मासिस्टों के फर्जी रजिस्ट्रेशन किए। इसका पता चलने पर राजस्थान फार्मेसी काउंसिल ने इनके रजिस्ट्रेशन कैंसिल भी कर दिए।

**अभ्यर्थी ने नंबर बढ़ाकर दस्तावेज किए पेश :** रिपोर्ट में सामने आया कि एक अभ्यर्थी ने नंबर बढ़ाकर दस्तावेज पेश कर दिए। वहीं एक अन्य का हिमाचल की यूनिवर्सिटी में नाम सही नहीं मिला है। इसी तरह भोपाल की एक यूनिवर्सिटी ने बताया कि 3 अभ्यर्थियों की मार्कशीट उन्होंने दी ही नहीं है। मध्यप्रदेश के एक अभ्यर्थी ने सागर की एक यूनिवर्सिटी फेक मार्कशीट पेश कर दी। उड़ीसा की एक अभ्यर्थी की मार्कशीट को भी सही नहीं माना गया। यूपी के मुरादाबाद की यूनिवर्सिटी में एक अभ्यर्थी का रिकॉर्ड ही नहीं मिला। यूपी की वीर बहादुर पूर्वांचल यूनिवर्सिटी, हिमाचल प्रदेश की आईईसी यूनिवर्सिटी और रांची की वाईबीएन यूनिवर्सिटी में अभ्यर्थियों के रिकॉर्ड नहीं मिले हैं। वहीं, चित्तौड़ की मेवाड़ यूनिवर्सिटी की एक मार्कशीट को भी संदेहास्पद माना है।

## नकली दवा फैक्ट्री कांड का आरोपी अरेस्ट, भेजा जेल

**आगरा:** नकली दवा फैक्ट्री कांड के आरोपी को कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया गया है। बता दें कि जुलाई 2023 में सिकंदरा और जगदीशपुरा इलाके में दो नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री पकड़ी गई थीं। एंट्री नारकोटिक्स टास्क फोर्स और पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी की थी। छापेमारी के दौरान पांच करोड़ से अधिक की दवाएं बरामद हुई थीं। मामले में गिरफ्तार करीब आधा दर्जन लोगों को जेल हुई थी। पुलिस ने इस मामले में वांछित चल रहे एक और आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इंस्पेक्टर सिकंदरा नीरज कुमार शर्मा ने बताया कि अग्रसेन कॉलोनी, बाड़ी (धौलपुर) निवासी हर्ष गुप्ता उर्फ अमन गुप्ता को पकडकर जेल भेजा गया है।

Franchisee/PCD for unrepresented Area
Third Party Manufacturing
Monopoly Business Rights
AYURVEDIC & NUTRACEUTICALS
Tablets | Capsules | Syrup | Sachet
Oil | Powder | External Preparation
BlueStar Laboratories | MAYLEBENS INDIA PVT. LTD. | BLUE STAR NUTROSANITA PVT. LTD.
Office: 206, Blue Star Plaza, Sarja Mkt, Opp. M2K, Sector 7, Rohini, Delhi-110085
Works: Plot No.-6, Sector-56, Phase-4, HSIIDC, Kundli-131028 (Haryana)
Ph.: 011 2704 0437, 9810165707
Email: bsnspl@gmail.com

## फर्जी सर्टिफिकेट बनाकर 7 डॉक्टरों ने क्लीनिक खोले, रजिस्ट्रेशन सस्पेंड

**झुंझुनूं:** फर्जी सर्टिफिकेट बनाकर सात डॉक्टरों द्वारा क्लीनिक खोले जाने के मामले का पर्दाफाश हुआ है। इन अस्पतालों के रजिस्ट्रेशन सस्पेंड कर दिए गए हैं।

राजस्थान मेडिकल काउंसिल (आरएमसी) ने प्रदेश के 10 डॉक्टरों के खिलाफ एक्शन लिया है। इन सभी का रजिस्ट्रेशन सस्पेंड कर दिया गया है। इनमें कुछ डॉक्टर ऐसे भी हैं, जिन्होंने नेशनल मेडिकल काउंसिल की परीक्षा का फर्जी सर्टिफिकेट बनवाया था। वहीं महिला की संक्रमित किडनी की जगह सही किडनी निक. ालने के मामले में डॉ. संजय धनखड़ का रजिस्ट्रेशन हमेशा के लिए निरस्त कर दिया गया है। दरअसल, बुधवार को राजस्थान मेडिकल काउंसिल की जनरल बॉडी की मीटिंग बुलाई गई थी। इस मीटिंग में अलग-अलग केस रखे गए थे। इसमें से 10 डॉक्टर के खिलाफ एक्शन लिया गया है।

आरएमसी के रजिस्ट्रार डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि बैठक हेल्थ डायरेक्टर डॉ. रवि प्रकाश माथुर की अध्यक्षता में हुई। इसमें कुल 25 केस रखे गए। इनमें से 10 केस में डॉक्टर का आरएमसी ने रजिस्ट्रेशन सस्पेंड किया है। इन 10 डॉक्टर में से 8 डॉक्टर ऐसे हैं, जिनका रजिस्ट्रेशन हमेशा के लिए कैंसिल किया गया है, जबकि 2 डॉक्टर का रजिस्ट्रेशन 6 महीने के लिए सस्पेंड किया गया है। झुंझुनूं में महिला मरीज की संक्रमित किडनी की जगह सही किडनी निकालने के मामले में डॉ. संजय धनखड़ का रजिस्ट्रेशन हमेशा के लिए कैंसिल किया गया है। झुंझुनूं कलेक्टर चिन्मयी गोपाल ने चिकित्सा विभाग को पत्र लिखा था, जिसमें आरएमसी के संज्ञान में यह मामला लाकर डॉ. धनखड़ का रजिस्ट्रेशन कैंसिल करने की सिफारिश की थी। वहीं, धनखड़ हॉस्पिटल को सीज करने के साथ ही अस्पताल के रजिस्ट्रेशन को भी कैंसिल कर दिया था। किडनी कांड की जांच के लिए कलेक्टर ने 5 डॉक्टरों की कमेटी बनाई थी। कमेटी ने जांच में डॉ. संजय धनखड़ को दोषी माना है। जांच में सामने आया कि डॉ. संजय धनखड़ जनरल सर्जन है।

किडनी का ऑपरेशन करते वक्त वहां नेफ्रोलॉजिस्ट या यूरोलॉजिस्ट भी मौजूद होना चाहिए था। इसके साथ ही डॉक्टर को किडनी निकालने के बाद उसकी बायोप्सी करवानी चाहिए थी, लेकिन नहीं करवाई गई। किडनी निकालने के बाद उसे ट्रे में रख दिया गया था, जिससे वह संक्रमित हो गई, जो बड़ी लापरवाही है। कमेटी ने माना है कि डॉ. धनखड ने संक्रमित किडनी के स्थान पर सही किडनी निकाल दी। आरएमसी के रजिस्ट्रार डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बताया कि विदेश से एमबीबीएस करके आए 7 डॉक्टरों ने एनएमसी की ओर से ली जाने वाली परीक्षा को पास नहीं किया था। इनकी शिकायत मिली थी और जब जांच की गई तो पता चला कि नेशनल मेडिकल काउंसिल की ओर से हुई परीक्षा में ये पास ही नहीं हुए। रजिस्ट्रेशन के लिए इन लोगों ने फर्जी सर्टिफिकेट बनवा लिया था, जिसे कैंसिल कर दिया गया है।

Celebrating Our Enduring Partnership :-
We progress collaboratively with your valuable partnership, advancing unitedly towards our shared goals.
We extend our sincere gratitude for your unwavering support throughout the journey since 1973, and we look forward to continuing to receive it in the years to come.
Explore Our Range :
Comprehensive Selection from an extensive range of Medicines (Ayurvedic, Allopathic, Generics, Homeopathy, Unani/Siddha, Veterinary) General, OTC, Poultry Feeds, Surgical & Allied Products etc.
Order Easily From us :
We gladly welcome orders across all major social media platforms like Valuemedi, Whatsapp, Zenxx, Etc.
Competitive Pricing :
Benefit from our best deals with minimal profit margins on bulk purchases.*
Google Maps Location :
GOEL PHARMA : | GOEL DRUGS :
GOEL PHARMA : 4-5-229 / 330 & 331, 1st Floor, Opp. Govt. Maternity Hospital, Sultan Bazar, Hyderabad - 500 095 (T.S.) E-mail : teamgoelrpa@gmail.com
GOEL DRUGS : 1-10-98/16, Raj Plaza, Dwarkadas Colony, Beside Lane Taj Vivanta, Begumpet, Hyderabad - 500 016 (T.S.) E-mail : teamgoel@yahoo.com
Website : www.goelpharma.com
। सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामया ।
।। सर्वे भद्राणि पश्यंतु मा कश्चित् दुःख भाग् भवेत् ।।
CELEBRATING 51 YEARS OF EXCELLENCE


Goel PHARMA | Goel DRUGS
Ram Prakash Agarwal 93910 14283 | Shrey Agarwal 98491 61010
An Entity of : Harchandrai Kaushalyadevi Agarwal Formation
We proudly serve as Super Stockists for M/s. MEDREXCARE PHARMA PVT. LTD. & M/s. TRUEMED HEALTHCARE, exclusively covering the Telangana Region. Additionally, we are Authorized Distributors/Stockists for over 200 renowned companies.

## नशीली दवा की खेप के साथ एक व्यक्ति पकड़ा

**सोलन (हप्र):** नशीली दवा की खेप के साथ पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जांच के दौरान पता चला कि आरोपी सिंथेटिक ड्रग्स की सप्लाई करने के अलावा चोरी के मामलों में भी संलिप्त रहा है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार जिला पुलिस की डिटेक्शन सेल टीम जब गश्त पर थी तो उन्हें सूचना मिली की मुकेश कुमार (36) उर्फ तोई निवासी गांधी मोहल्ला चौक सोलन में अपने रिहायशी मकान में कुछ साथियों के साथ नशीली दवाइयां बेचने का धंधा कर रहा है। सूचना के तहत पुलिस टीम ने ड्रग इंस्पेक्टर को मौके पर बुलाकर आरोपी के रिहायशी मकान पर दबिश दी।

मकान की तलाशी के दौरान मुकेश उर्फ तोई के कमरे में आरोपी के साथी करण ठाकुर, शुभम व कनिका भी मौजूद मिले। कमरे के अंदर एक बैग से 12 पत्ते (118 टेबलेट्स) सिंथेटिक ड्रग्स और 35,220 रुपये नकद बरामद हुए। दवा निरीक्षक ने धारा 18 ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट के तहत कार्यवाही की है। हैरानी की बात यह है कि तलाशी के दौरान आरोपी मुकेश कुमार के मकान से एक कैरी बैग में रखे 28 मोबाइल फोन भी बरामद हुए। इनके बारे में आरोपी कोई भी बिल नहीं दिखा सका। इसके चलते थाना सदर सोलन में चोरी की संपत्ति रखने का मामला दर्ज किया गया है। जांच में पता चला कि आरोपी मुकेश कुमार पिछले महीने भी 400 सिंथेटिक ड्रग्स की तस्करी में शामिल रहा है और उसके खिलाफ चोरी के दो मामले भी दर्ज हुए। जिसमें इसने करीब 16,000 रुपये व अन्य सामान चुराया था। इन दोनों मामलों में आरोपी को अदालत से सजा भी हो चुकी है। एसपी सोलन गौरव सिंह ने बताया कि आरोपी को अदालत में पेश करने की कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।


PAL SURGICAL INDUSTRIES (Regd.)
Complete Hospital, Lab Solutions Since 1953
Hospital Clothing, Bedding Materials such as Surgeon Gowns Suits,
Doctor's Cots, Caps, Face Mask, PP Kits
Patient Kurta Pyjama, Pharma Lab Uniform
Disposable HIV Kit, maternity Kits, Bird Flu Kit
Water Beds, Mackintosh, All other School Uniforms
Palco Brand of India Pride of India
1802, FF, Electrical Market, Bhagirath Place, Chandni Chowk, Delhi - 110006
9891177191 8377951686, 8800406997
palsurgical1953@gmail.com

PD PAPER JUNE 2024_32 Inch January. 2021.qxd 6/20/2024 3:47 PM Page 11





"Excellence in Pharma Services" Award Winning From Asian-African Chamber of Commerce & Industries By. High Commissioner High Commission of the Korea At Hotel The Grand New Delhi on Dt. 23-Mar-2019



"Towards a Healthier Tomorrow"

We invited for Export, Third Party and Franchise / PCD

WITH THE TRUST OF UTTRAKHAND

BETA LACTAM
* Tablet
* Capsule
* Syrup
* Suspension
* Dry Syrup
* Ointments
* Injection

FOOD & HERBAL
* Tablet
* Capsule
* Syrup
* Suspension

NON BETA LACTAM
* Tablet
* Capsule
* Syrup
* Suspension
* Dry Syrup
* Ointments
* Injection

Business Opportunity with Monopolly rights for FRANCHISEE/PCD in Unrepresented Areas

Latest Molecule Also Available : For Franchisee / Pcd Marketing
Cefixime + Lactic Acid Bacillus
Cefixime + Ofloxacin + Lactic Acid Bacillus
Amoxycillin + Clavulnic Potassium + LB
Enzyme Tablet with Charcoal
Pentoprazol + Levosulpride SR Capsule
Linezolide with Sulbactum Tablet

PROMOTIONAL SUPPORT
-: Visual Aid -: Visiting Card
-: Product Card -: Sticker
-: Reminder Card -: Gifts
-: Catch Cover -: MR Bag
-: New Product Brief Detail

An ISO 9001:2015 Certified Company

Liza Life Sciences
Kh. No 223 Plot - 16 Mohanpura Mohammedpur Dist - Handwar Roorkee-247667 (Uttarakhand)
Off - C-7 Shradha Park Soc. Ajwa Road, Vadodara (Gujarat)
Email - lizalifesc@gmail.com Web Site - www.lizalife.in

For Third Party & Export
Mr. M.L. Saiyed +91-9897862999
For Franchise / PCD
Mr. Sanjay Kumar +91-9045645800



Hiral Labs Ltd.

Quality Products at affordable Price
Third Party Manufacturing, Export & PCD/Franchisee for Unrepresented Areas
Expert in Eye, Ear Drops, CNS & Cardiac Products



Liquid Injections
Oral Dry Powders
Tablets
Eye & Ear Drops
Capsules
External Preparations
Oral Liquids
Veterinary Preparations

Nutraceuticals & Dietary Supplement

WHO-GMP CERTIFIED

For Domestic Inquiries
Mr. Sondev Sharma +91 8272035030
Mr. Subham Bhatt +91 9760535030

For Export Inquiries
Mr. Vishal Kamboj +91 7055705030
Mr. Fahed Ali +91 7895040784

Sisona, Nr. Bhagwanpur, Roorkee-247 661 (Uttarakhand)
Email: marketing@hirallabs.com, marketing2@hirallabs.com
Web: www.hirallabs.com


कर्म ही पूजा है

## कोरेक्स कफ सिरप की तस्करी पकड़ी, सिरप से भरी कार छोड़ भागे तस्कर

**सहरसा:** कोरेक्स कफ सिरप की तस्करी का मामला पकड़ में आया है। तस्कर मौके से सिरप से भरी लक्जरी कार छोडकर फरार होने में कामयाब हो गए। यह जानकारी एसडीपीओ ने दी। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक काले रंग की क्रेटा कार में अवैध कोरेक्स कफ सिरप की तस्करी की जा रही है। यह मघेपुरा जिला के ग्वालपाड़ा की ओर से पस्तपार की तरफ आ रही है। सूचना के आधार पर पस्तपार थानाध्यक्ष पंकज कुमार व अन्य पुलिस कर्मी ने मिलकर मधेपुरा-पस्तपार सीमा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान एक कार तेजी से आती दिखी। उसे रुकने का इशारा किया लेकिन वाहन चालक पुलिस को देखकर गाड़ी को और तेजी से भागने लगा। पुलिस ने कार का पीछा करना शुरू कर दिया। तस्करों ने रहुआ हसान टोल गांव में किसी दूसरे के घर के सामने गाड़ी खड़ी कर दी और चारों व्यक्ति भागने में सफल रहे। वहीं पुलिस ने कार को जब्त कर लिया। तस्करों द्वारा फेंके गये बोरे की तलाशी ली गयी तो उसमें से 975 बोतल अवैध कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद हुआ। सभी फरार अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।

## 2.46 करोड़ रुपये के कैप्सूल किए जब्त

**फिरोजपुर:** ड्रग रैकेट का भंडाफोड़ किया गया है। एसटीएफ और स्वास्थ्य विभाग ने 2.46 करोड़ रुपये के कैप्सूल जब्त किए हैं। लाइसेंस और खरीद बिल के बगैर नशे की लत रोक लगाने के लिए पंजाब पुलिस और स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने फिरोजपुर के मक्खू से नशे की लत को रोकने के लिए चलाए जा रहे नशे के एक गिरोह का भंडाफोड़ किया है। गुप्त सूचना पर कार्रवई करते हुए एसटीएफ ने इस गिरोह के पास से 2.76 करोड़ रुपए की कीमत के लगभग 9,72,000 कैप्सूल बरामद किए हैं। ड्रग इंस्पेक्टर सोनिया गुप्ता ने बताया कि एसटीएफ को भीम कुमार ठुकराल के घर से ड्रग्स बरामद होने की सूचना मिली थी। इसके बाद उन्होंने मुझसे संपर्क किया और मक्खू में बिना लाइसेंस और बिना किसी खरीद ऑर्डर या बिल के संयुक्त अभियान चलाया गया। ट्रामाडोल और प्रीगैबलिन कैप्सूल बरामद किए गए। प्रीगैबलिन के बरामद किए गए करीब एक लाख कैप्सूल की कीमत 30 लाख रुपये है। बाद में, हमें एक भंडारण गोदाम के बारे में भी पता चला, जहां से 2.46 करोड़ रुपये की कीमत के 8,72,000 प्रीगैबलिन कैप्सूल की भारी मात्रा बरामद की गई। बताया गया है कि जब्त की दवाओं को स्वास्थ्य विभाग और एसटीएफ ने अपने पास रख लिया है और दो अलग-अलग कार्रवाई की जाएगी।

## ऑर्किड फार्मा को एंटीबायोटिक दवा की मंजूरी मिली

**नई दिल्ली:** प्राप्त समाचार के अनुसार ऑर्किड फार्मा ने कहा कि उसे जटिल मूत्र पथ संक्रमण के उपचार के लिए एक एंटीबायोटिक दवा के निर्माण और विपणन के लिए नियामक डीसीजीआई से मंजूरी मिल गई है। ड्रग कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने सूखे पाउडर इंजेक्शन के रूप में सेफेपाइम और एनमेटाजोबैक्टम के तैयार खुराक के रूप में निर्माण और विपणन की अनुमति दी है , दवा फर्म ने एक बयान में कहा। यह दवा जटिल मूत्र पथ संक्रमणों के उपचार के लिए संकेतित है जिसमें तीव्र पाइलोनफ्राइटिस, वेंटिलेटर-एसोसिएटेड निमोनिया (वीएपी) सहित अस्पताल अधिग्रहित निमोनिया और बैक्टीरिया शामिल हैं।


Alisier Drugs Pvt. Ltd
Alisier™
An ISO 9001 : 2015 & GMP Certified Co.
Mob: 91-72066-09999
Email: info@alisierdrugs.com
Plot No.23, Dukheri Road, Vill. Mohra, Ambala-134001

PGNOR-75®
Pregabaline 75 mg+Nortryplin 10 mg Tab
SEZGONE-500®
Divalproex Sodium 500 mg Prolonged Release Tab
TENDOLEEN®
L-Arginine 500mg+Chondroitin Sul 200mg+Collagen Peptides 40mg+Vit- C 30mg+Sod Hyaluronate 30mg TAB
BIGFOVUM®
L-mythlfoliate 1 mg Mecobalamin 1500 mcg, Pyridoxal 5 mg, DHA 40% 200 mg, Vit D3 2000 IU Tab
AUXI-CV-625®
Amoxycillin 500mg & Clavulanic Acid 125mg Tab
STORMCID-DSR®
Rabeprazole sodium 20mg + Domperidone 30mg Cap
SIROPALM-D®
Naproxen 500mg Domperidone 10 mg Tab
ETOSTAIR™-60/90/120/T
Etoricoxib-60 / 90 / 120 mg Tab
ALIVOX-500®
Levofloxacin 500 mg Tab
CLOTDOSE-MF®
Tranexamic 500 mg+Mefenamic Acid 250 mg Tab

Wide range of products
★ Antibiotic Medicines
★ Gynae Range
★ Ortho Range
★ Cardio Diabetic
★ Liquids/Injection/Softgel
★ Protein Powder
★ Eye Drops/Skin Care

Our Services
Business Opportunity in unrepresented areas
Manufacturer of Ayurvedic Products & Supplements Nutraceutical & Supplements
3rd Party Small Batches Manufacturing (Tablet Capsules Syrup)

Our Associates
alisveda
Voopar VOOPAR SCIENCES PVT. LTD.
Siere Life
AyulCraft™ Health Care

https://in.pinterest.com/alisierdrugspvtltd/pins
https://in.youtube.com/alisierdrugspvtltd/pins
https://www.facebook.com/alisierdrugs/about
https://twitter.com/alisierdrugs

Own Manufacturing Plant (GMP & ISO Certified)



आर. के. एण्ड सन्स
अंग्रेजी दवाखाना
सिनेमा चौराहा, हरदोई
Since 1970
+91 8188850335 | +91 7704050852

Hrishikesh Palkar
Mob - 9657819039
Ph.(02164) 225309
Palkar Medicals
156, Guruwar Peth, Main Road, Karad - 415 110

Yaman Gupta
Mob.: 9993632244
Madhya Pradesh Medical Agencies
6, Dawa Bazar, Near Bus Stand, Hamidia Road, Bhopal

Manoj Kumar Jain
7905737837
Ravi
9340739132
MM
Manoj Medical & Surgical Agencies
Azad Chowk, Lalitpur (U.P.)
Pincode: 284403

॥ जय माँई की ॥
डॉ. विक्रान्त तोमर
कन्सल्टेन्ट फिजियोथेरेपिस्ट
B.P.T., M.P.T. (Sports)
Mob.: 8188931008
ऊषा फिजियोथेरेपी क्लीनिक
डॉ. श्रीराम साहू (दांत वाले) की क्लीनिक के नीचे
तालाबपुरा, ललितपुर (उत्तर प्रदेश)
माँईकृपा फिजियोथेरेपी क्लीनिक
सरकारी अस्पताल के सामने, मड़ावरा रोड, महरौनी

Manish Jain
GAJRA DRUG AGENCY
Opp. Shastri Park, Nayapura Road, Guna (M. P.) 473001
Ph. : 07542 - 222587, 221587, 9425134504
e-mail id - gajradrug@gmail.com
Co-Concern :-
Sourabh Jain
GAJRA MEDICO
Opp. Shastri Park, Guna (M. P.) Ph. : 07542 - 252587

प्रो. नीकेश धाकड़
मोबा. : 9685631880
9074265212
अमृत मेडिको
अंग्रेजी एवं देशी दवाईयाँ
दातार हॉस्पिटल के सामने, हॉस्पिटल रोड, विदिशा (म.प्र.)

Mr : Pramod S Shintre
Mob : 8421537697
8055862490
Ananya Medical
C/o Hombalkar Hospital, Near Ambedkar Garden, Miraj . 416410

Sanjay Shah
9422039052
7040800100
Arihant Distributors
Pharmaceutical Distributors
13, Guruwar Peth, Kasar Galli, KARAD- 415 110.
arihant_namrata@rediffmail.com

PD PAPER JUNE 2024_32 Inch January. 2021.qxd 6/20/2024 3:47 PM Page 12




**PALCO**

Free consultancy and set up for old / new nursing home, medical center / hospitals, R&D LAB, educational science lab school, all industries lab with trunkey projects in pan India.

Contact : Mr. R.P. PAL / NEERAJ PAL
Call : 9891177191 / 8377951686
1802, FF, Electrical Market, Bhagirath Palace, Chandni Chowk, Delhi 110006


## नशीली दवा के साथ दो युवकों को अरेस्ट कर भेजा जेल

**बरगदवा:** नशीली दवा के साथ दो युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। दोनों के कब्जे से 30 शीशी ओनेरेक्श सीरप, 110 एम्पुल डायजापाम इंजेक्शन तथा एक बाइक यूपी 55 एम 8461 बरामद का उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया। कोर्ट के आदेश पर दोनों आरोपियों को जेल भेज दियर गया है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नशीली दवाओं के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध थाना स्थानीय पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। सूचना पर गणेश यादव पुत्र रामप्रकाश यादव (23) निवासी बरगदवा तथा मिथुन चौधरी पुत्र स्व. महातम चौधरी निवासी बरगदवा थाना स्थानीय के कब्जे से 30 शीशी ओनेरेक्श सीरप, 110 एम्पुल डायजापाम इंजेक्शन तथा एक बाइक यूपी 55 एम 8461 बरामद किया है।

## नशीली दवा तस्करी रोकी, 9 करोड़ की दवा समेत दो तस्कर अरेस्ट

**गुवाहाटी:** नशीली दवा की तस्करी रोकने में पुलिस को सफलता मिली है। मौके से दो तस्करों को अरेस्ट कर 9 करोड़ रुपये कीमत की नशीली दवा जब्त की गई है। करीमगंज पुलिस और बीएसएफ-जी शाखा, करीमगंज ने संयुक्त अभियान चलाकर एक वाहन से 30 हजार नशीली याबा गोलियां जब्त कीं। संयुक्त सुरक्षा दल ने प्रतिबंधित पदार्थ ले जाने वाले दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया है। बरामद की गई नशीली दवा की कीमत नौ करोड़ रुपये मूल्य बताई गई है। मुख्यमंत्री ने राज्य को नशा मुक्त बनाने के लिए असम पुलिस और बीएसएफ के प्रयासों की सराहना की। गौरतलब है कि याबा गोलियां मेथाम्फेटामाइन और कैफीन जैसे उत्तेजक पदार्थों का संयोजन है।


Exclusive Range of HERBAL Products

AN ISO 9001:2008 CERTIFIED COMPANY GMP

FULL CHARGE GOLD CAP — Power Cap. For Men (For Vigour And Vitaliy)
BONE HEALTH TAB. — For More Stronger Bones
LEUCO-QUIT CAP./SYP. — For Leucorrhoea & DysmenorRhoea
DIBE QUIT CAP — For Maintainance of Normal Blood Sugar
PURE-PLATRICH TAB/SYP
FUL CHARGE GOLD TILA — Herbal Oil for Sexual Purpose
PURE-KFT SYP. (SUGAR FREE) — Nephrotonic + Anti Oxidant + Immunomodulation
MEMO SHARP CAP./SYRUP — For Sharpness Of Memmory
ORTHO ACT OIL/CAP/SYP. — Quick Relie From Pains
RE GROW HAIR OIL /CAP. — Hair Regrowth Treatment
PYLO QUIT CAP/CREAM — For Quick Relif Foum Piles
STONE ACT CAP./SYP. — Herbal Alkalinizer For Renal & Kidney Stone
APPYZYME SYP./DROPS — Powerful Herbal Enzyme
KHANSI AMRUT — Sugar Free Cough Syrup
JAMUN KARELA PLUS JUICE — Jamun-1000mg + Karela-750mg + Neem-200mg + Gudmar-250mg + Methi-250mg
CARDIHOP SYP. — Lehsun 2.5ml + Adrak 2.5ml + Nimbu 2.5ml + Sev. 2.5ml
PUREACTIVE MALT — For Complete Nutrition
PURE-PANCHAM TULSI — Extracts of Five Type of Tulsi (Antioxidants)
PRATIKK ONION SEEDS HAIR OIL — Advance Nourishment For Hair
PURE BODY GROW POWDER — For Weight Gain, Increase Energy, & Muscles Development
PRATIKK ONION SEEDS SHAMPOO — Increases Hair Thickness And Makes The Hair Voluminous
TRIFLA PLUS JUICE — Amla - 750mg, Baheda - 750mg, Harad - 750mg, Tulsi - 250mg, Giloy - 250mg
PRATIKK CHYAWANPRASH SPEIAL — Freedom From Illness
FEVOACT SYP. — Best Remedy For Fever

Wanted Franchise from all over India, Nepal & Bhutan
Attractive Terms: Assure Monopoly, Long Lasting Relationship, Committed Dealings, Timely Delivery
We Offers: Visual Aid, Visiting Cards, Product Cards, Gift Articles

नोट : आयुर्वेदिक दवाओं के क्रय विक्रय के लिए ड्रग लाईसेंस की आवश्यकता नहीं है, आप स्वयं भी दवाएं मंगवाकर अपना व्यवसाय आरंभ कर सकते हैं

For business Inquiry - 09736701313, 09882011313

AYURMED LIFE CARE
SCO No. 6, Genrater House, Opp. City Look Hotel, Sai Road, Baddi - 173205 (H.P.)
E-mail: puremedbiotech@gmail.com
Customer Care No. 01795-244446
www.ayurmedlifecare.com


## AUTHORIZED DISTRIBUTORS OF ADR BOOK

| Location | Party Name | Contact No. |
|---|---|---|
| Agra | Satish Book Enterprises | 9997877123 |
| Ahmedabad | Bharat Medical Book House | 9824013920 |
| Akola | Book Emporium | 9422861751 |
| Aligarh | Rama Book Store | 9319275252 |
| Allahabad | Chetana Medical Books | 9307978423 |
| Amritsar | City Book Shop | 0183-2571591 |
| Amritsar | Medical Books & Surgicals Centre | 0183-2422729 |
| Aurangabad | Arihant Excel Medical Book House | 9822259681 |
| Aurangabad | Shri Samarth Book Depot | 9822034577 |
| Belgaun | Shri Saneh Book Stall | 8312461258 |
| Berhampur | Book World | 9861015189 |
| Bhagalpur | Kora Kagaz | 9771511779 |
| Bhopal | Lyall Book Depot | 0755-2543624 |
| Bhubaneswar | Annapurna Medical Book Shop | 9861243882 |
| Bikaner | Academy Book Centre | 9414138998 |
| Burla | Bharat Book Emporium | 9337335744 |
| Calicut | Ramdas Sotes & Books | 0495-2358398 |
| Chennai | Chennai Medical Book Centre | 044-66246369 |
| Chennai | Shah Medical Books | 9444829937 |
| Coimbatore | Arasu Medical Book House | 9444308567 |
| Coimbatore | Balaji Medical Books | 0422-6725292 |
| Coimbatore | Dass Medical Book Shop | 9443958620 |
| Cuttack | Scientific Book Depot | 9437020414 |
| Delhi | Mirza Book Depot | 9958723206 |
| Delhi | Pawan Book Service | 9810202316 |
| Delhi | R.S.Book Store | 9810546759 |
| Delhi | Sagar Book Depot | 9811680722 |
| Delhi | University Book Store | 9818357577 |
| Dhulea | Koshal Book Shop | 9423916592 |
| Gorakhpur | Medical Book Centre | 9450884543 |
| Gwalior | Anand Pustak Sadan | 9425114555 |
| Indore | New Jain Book Stall | 9926636333 |
| Indore | Scientific Literature Company | 9826299744 |
| Jabalpur | Lords Book Sellers | 9425155125 |
| Jabalpur | Akash Pustak Sadan | 9826563047 |
| Jaipur | Kumar Medical Book Store | 9829610430 |
| Jammu | Bhartiya Pustakalaya | 9796636000 |
| Jammu | Narend Book Depot | 9419114398 |
| Jamnagar | Jay Medical Book Centre | 9925236982 |
| Jodhpur | Book World | 9829088088 |
| Jorhat | Naveen Pustakalaya | 9435514204 |
| Kolhapur | Ajab Pustakalaya | 9881424434 |
| Kolkata | Raj Book House | 9432550891 |
| Kota | R.K.Stationers | 9829087574 |
| Koti Hyderabad | Osmani Medical Book House | 040-64644253 |
| Koti Hyderabad | Paras Medical Books Pvt Ltd. | 040-24600869 |
| Koti Hyderabad | Sharp Medical Book Centre | 040-65544303 |
| Lucknow | Aditya Medical Books Pvt Ltd. | 0522-2611724 |
| Lucknow | Arora Book Agencies | 0522-4046778 |
| Ludhiana | Verma Book Depot | 9872202530 |
| Madurai | Medical Books & International | 9344101063 |
| Meerut | City Book Centre | 0121-4056292 |
| Meerut | Menakshi Prakashan | 0121-2645498 |
| Meerut | R LAL Book Depot | 0121-2666235 |
| Mumbai | The National Book Depot | 022-24131362 |
| Mumbai | Vikas Medical Book House Pvt Ltd. | 022-23010441 |
| Mumbai | Bhalani Medical Book House | 022-24171660 |
| Nagpur | New Medical Book Shop | 9822225591 |
| Nagpur | Book Source | 9850943011 |
| Patna | Current Book Service | 9431077745 |
| Pune | J D Granth Bhandar | 020-24492832 |
| Raipur | S.K.Medical Book House | 9329637397 |
| Raipur | Sristhi Book Stationery Mart | 9300855027 |
| Rajkot | Jay Books Medical Book | 9925236984 |
| Ranchi | Student Book Depot | 0651-2221907 |
| Saharanpur | Hans Pustak Bhandar | 9457449388 |
| Sangli | Tanavade & Sons | 9823049499 |
| Sri Nagar | Doctors Dotkom | 9086454647 |
| Tirupati | Shri Venketswar Book Depot | 9885479105 |
| Trivandram | Professional Book House | 9495951506 |
| Varanasi | Atithi Medical Books | 9307978423 |
| Varanasi | Current Book Agency | 9335015235 |
| Visakhapatnam | Andhra Medical Book Centre | 9985716032 |
| Visakhapatnam | World Medical Book Centre | 9849022192 |


**Helax**

We Present WHO-GMP manufactured formulation at lowest price

3rd Party Manufacturing

Specialization
- Hormones
- Cephalosprins
- Pencillin
- Non Betalactum Section
- Ayurvedic / Siddha
- Unani Drugs
- Foods
- Natraceuticals (FSSAI) Supplements

Super Specialization
- INFERTILITY
- NEPHROLOGY
- UROLOGY
- CARDIOVASCULAR
- CENTRAL NERVOUS SYSTEM
- ANTI DIABETES
- MUSCULO SKELETAL
- PSYCHO TROPIC
- ANTIBIOTIC
- ANTI-INFECTIVE
- ALIMENTARY
- ANALGESICS



"Supporting your healing hands." Helax
HELAX HEALTHCARE PRIVATE LIMITED
Mr. HARSH GUPTA mfg.helax@gmail.com 7417935356 www.helax.in


## अस्पताल को अनियमितताएं बरतने पर किया सील

**चरखी दादरी:** निजी अस्पताल पर अनियमितताएं बरतने की गाज गिरी है। लोहारू रोड स्थित जयहिंद अस्पताल को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सील कर दिया है। इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में तत्कालीन सीएमओ व डिप्टी सीएमओ को भी सस्पेंड किया गया है। साथ ही अस्पताल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवाई गई है। कार्रवाई के विरोध की आशंका के चलते ड्यूटी मजिस्ट्रेट और पुलिस बल भी मौके पर तैनात रहा। इस मामले में कार्य के प्रति लाप. रवाही बरतने के आरोप में तत्कालीन सीएमओ और डिप्टी सीएमओ को सस्पेंड किया गया है। जानकारी अनुसार वर्ष 2020 में एक मरीज ने चरखी दादरी के निजी अस्पताल में ऑपरेशन करवाया था। दो साल बाद उसने दिल्ली के एम्स अस्पताल में जांच करवाई तो पेट में गॉज (पट्टी) होने की बात पता चली।

इसके बाद मरीज ने तत्कालीन मुख्यमंत्री के समक्ष इसकी शिकायत की। इस पर संज्ञान लेकर सीएम ने रोहतक पीजीआई के चिकित्सकों का बोर्ड बनाकर जांच करवाई। बाद में पीड़ित मुख्यमंत्री से मिले और पूरे मामल की जानकारी दी। इस पर सीएम नायब सिंह सैनी ने स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों को ठोस कार्रवाई के आदेश दिए। बोर्ड ने अपनी रिपोर्ट सौंपी, जिसमें मरीज के दूसरे ऑपरेशन के दौरान अस्पताल के चिकित्सक की ओर से चूक होने का अंदेशा जाहिर किया गया। इसके अलावा, आयुष्मान योजना में भी अस्पताल के फर्जीवाड़ा करने के तथ्य सामने आए और इस आधार पर अस्पताल को आयुष्मान पैनल से हाल ही में बाहर किया गया है। महानिदेशक के आदेश पर जिला स्वास्थ्य विभाग ने दो टीमें गठित की और देर रात जयहिंद अस्पताल में छापा मारा।


**SLC SAFE LIFE CARE**

Safe Life Care is WHO/GMP certified pharmaceutical company established in 2015 and situated in Himachal Pradesh (India).

MR. SATPAL JASSAL, 9805021984, 8048771771




PRODUCTS
- TABLETS
- INJECTION
- SYRUP
- CAPSULES
- SUSPENSION
- HAND SANITIZER
- SAFEKETO SOAP

SLC SAFE LIFE CARE
SCO-1, SS Brother Complex, 2nd Floor, Sai Road, Baddi, Solan, Himachal Pradesh - 173205
Mob.: 9805021984, 8048771771
E-mail : safelifecare@gmail.com | www.safelifecare.co.in

PD PAPER JUNE 2024_32 Inch January. 2021.qxd 6/20/2024 3:47 PM Page 13






## नोवो की बेंगलुरु टीम मधुमेह की दवा का कर रही प्रचार

**बेंगलुरुः** नोवो नॉर्डिस्क की ब्लॉकबस्टर दवा ओजेम्पिक के पीछे का रहस्य डेनिश दवा कंपनी की भारत टीम है, जिसने मधुमेह के इलाज के लिए सेमाग्लूटाइड-आधारित दवा के उल्कापिंड उदय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ओजेम्पिक और वजन प्रबंधन के लिए एक और सेमाग्लूटाइड-आधारित दवा वेगोवी की सफलता ने न केवल डेनमार्क की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया है, बल्कि नोवो नॉर्डिस्क के बाजार पूंजीकरण को टेस्ला से आगे निकलने में भी मदद की है। नोवो नॉर्डिस्क में कॉर्पोरेट वीपी और वैश्विक व्यापार सेवाओं के प्रबंध निदेशक जॉन डॉबर ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में चिकित्साकृत मोटापा तेजी से बढ़ा है, और हर कोई इसमें रुचि रखता है। लेकिन नोवो नॉर्डिस्क की शोध यात्रा लगभग दो दशक पहले शुरू हुई थी। मधुमेह के लिए नए उपचारों में कंपनी के शोध ने वजन प्रबंधन के लाभों की खोज की, जिससे एक अलग शोध कार्यक्रम शुरू हुआ। डॉबर ने कहा कि इन उत्पादों की मांग ने कंपनी को चौंका दिया है। बेंगलुरु स्थित नोवो नॉर्डिस्क ग्लोबल बिजनेस सर्विसेज (जीबीएस) की टीमों ने ओजेम्पिक कार्यक्रम में योगदान देने के लिए वैश्विक टीमों के साथ सहयोग किया है। डॉबर ने कहा कि बेंगलुरु की टीम सेमाग्लूटाइड दवा पर मुख्यालय के साथ मिलकर काम करती है, जो नैदानिक परीक्षणों, जैव सांख्यिकी, डेटा प्रबंधन, फार्माकोविजिलेंस और वैश्विक सुरक्षा पर काम करती है। वर्तमान में, इसमें 4,000 कर्मचारी कार्यरत हैं। नोवो नॉर्डिस्क की ब्लॉकबस्टर दवा ओजेम्पिक के पीछे का रहस्य डेनिश दवा कंपनी की भारत टीम है, जिसने मधुमेह के इलाज के लिए सेमाग्लूटाइड-आधारित दवा के उल्कापिंड उदय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नोवो नॉर्डिस्क जीबीएस में वैश्विक सुरक्षा के उपाध्यक्ष डॉ प्रसन्ना कुमार टीएस ने बेंगलुरु में बायोस्टैटिस्टिक्स इकाई की भूमिका के बारे में बताया, जो ओजेम्पिक के लिए सभी सांख्यिकीय विश्लेषण और रिपोर्टिंग करती है। हमारे परीक्षण सांख्यिकीविद् और नैदानिक डेटा वैज्ञानिक प्रोटोकॉल विकास से लेकर नियामक अधिकारियों को परीक्षण/उत्पाद प्रस्तुत करने तक परीक्षण दल के साथ जुड़े रहते हैं।




## बैतूल विराट दिव्यांग कैम्प आयोजित




**गुदगांव (चिल्कापुर)ः** अखिल भारतीय संस्था तरुण मित्र परिषद द्वारा आयोजित विराट दिव्यांग कैंप का हुआ समापन। सतपुडा एकीकृत ग्रामीण विकास संस्था (सिरड़ी) के सहयोग से सामुदायिक केन्द्र मे संस्था की कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. उपमा दीवान व तरुण मित्र परिषद के महासचिव अशोक जैन ने दीप प्रज्ज्वलित कर कैंप का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधी एवं भाजपा महामंत्री धनराज साहू अधिवक्ता ने अपने उद्बोधन मे उनके व 100 से अधिक ग्रामीण दूरदराज के दिव्यांगजनों व बुजुर्ग श्रवणहीन बंधुओं को सहायक उपकरण प्रदान करने हेतु कैंप लगाकर सराहनीय कार्य किया है। परिषद के महासचिव अशोक जैन ने बताया कि यह कैंप सुधा एंडले की स्मृति मे योगेश एंडले, नोएडा के सहयोग से लगाया गया जिसमे दिव्यांगों को 13 दिव्यांगों को कृत्रिम अंग (हाथ व पैर), 20 पोलियोग्रस्त बच्चों को कैलिपर्स व 6 बैसाखियां, 12 ऑर्थोशूज, 16 वॉकर व स्टिक वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त 29 श्रवणहीन बुजुर्गों को श्रवणयंत्र भी उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम को संपन्न कराने में परिषद के सहसचिव आलोक जैन, भव्या जैन, सविता व्यास, रघुराम छीपा ने भरपूर सहयोग दिया।

**अशोक जैन, महासचिव**
9810138138-9266638138

## हृदय रोग में लिपिड की कम आंकी गई भूमिका

**मुंबईः** हृदय रोग दुनिया भर में मृत्यु दर का एक प्रमुख कारण बना हुआ है, जिसमें उच्च रक्तचाप, धूम्रपान और मधुमेह जैसे जोखिम कारक अक्सर सुर्खियों में रहते हैं। हालांकि, लिपिड का महत्व, विशेष रूप से एथेरोस्क्लेरोसिस और हृदय स्वास्थ्य के संदर्भ में, अक्सर कम आंका जाता है। इस लेख का उद्देश्य लिपिड और हृदय रोग के बीच जटिल संबंधों को समझना है, व्यापक हृदय देखभाल के लिए लिपिड के स्तर को समझना, जांचना और प्रबंधित करना महत्वपूर्ण है। एथेरोस्क्लेरोसिस, धमनियों का धीरे-धीरे सिकुड़ना और सख्त होना, कई हृदय संबंधी जटिलताओं का एक प्रमुख अग्रदूत है, जिसमें दिल का दौरा और स्ट्रोक शामिल हैं। इस प्रक्रिया के केंद्र में धमनियों की दीवारों के भीतर लिपिड, विशेष रूप से कम घनत्व वाले लिपोप्रोटीन (एलडीएल) कोलेस्ट्रॉल का संचय होता है। जब एलडीएल कोलेस्ट्रॉल एंडोथेलियम में घुसपैठ करता है, तो यह ऑक्सीकरण से गुजरता है, जिससे एक भड़काऊ प्रतिक्रिया शुरू होती है और सफेद रक्त कोशिकाएं आकर्षित होती हैं। ये कोशिकाएं ऑक्सीकृत एलडीएल को अवशोषित करती हैं, फोम कोशिकाएं बनाती हैं जो प्लाक के विकास में योगदान करती हैं। जैसे-जैसे प्लाक जमा होता है, यह रक्त प्रवाह को बाधित करता है और हृदय संबंधी घटनाओं के जोखिम को बढ़ाता है। एलडीएल कोलेस्ट्रॉल का बढ़ा हुआ स्तर दिल के दौरे के बढ़ते जोखिम से दृढ़ता से जुड़ा हुआ है।

अतिरिक्त एलडीएल कोलेस्ट्रॉल एथेरोस्क्लेरोटिक पट्टिका के गठन और प्रगति को बढ़ावा देता है, जिससे कोरोनरी धमनियों का संकुचन होता है। पट्टिका के टूटने की स्थिति में, रक्त का थक्का बन सकता है, जिससे हृदय की मांसपेशियों में रक्त का प्रवाह बाधित हो सकता है और दिल का दौरा पड़ सकता है। इस प्रकार, लिपिड के स्तर, विशेष रूप से एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को प्रबंधित करना, हृदय संबंधी घटनाओं के जोखिम को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है।

## डेंगू वैक्सीन के क्लिनिकल परीक्षण को जारी रखने की मंजूरी दी

**नई दिल्लीः** केंद्रीय औषधि विनियामक प्राधिकरण के तहत एक विशेषज्ञ समिति ने चरण-I अंतरिम नैदानिक परीक्षण के आशाजनक परिणामों को देखते हुए सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (SII) के डेंगू के टीके के चरण-II नैदानिक परीक्षण को जारी रखने की सिफारिश की है। सीरम इंस्टीट्यूट ने टेट्रावैलेंट लाइव एटेन्यूएटेड डेंगू वैक्सीन की सुरक्षा और प्रतिरक्षात्मकता का आकलन करने के लिए ऑस्ट्रेलिया में 18 से 45 वर्ष की आयु के 60 स्वस्थ व्यक्तियों पर चरण-डबल-ब्लाइंड, यादृच्छिक, प्लेसबो-नियंत्रित परीक्षण किया। NIAID , NIH, USA से वैक्सीन स्ट्रेन प्राप्त होने के बाद भारत में एक टेट्रावैलेंट लाइव एटेन्यूएटेड डेंगू वैक्सीन का निर्माण किया गया। एसआईआई ने डेंगू टेट्रावेलेंट वैक्सीन (लाइव, एटेन्यूएटेड) के चरण-I अंतरिम नैदानिक परीक्षण रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिस पर 31 मई को पैनल द्वारा चर्चा की गई। एसईसी की सिफारिशों में कहा गया है, विस्तृत विचार-विमर्श के बाद, समिति ने चरण I अंतरिम नैदानिक परीक्षण के परिणामों को नोट किया और अनुमोदित प्रोटोकॉल के अनुसार चरण II नैदानिक परीक्षण जारी रखने की सिफारिश की।




## फार्मा कंपनियों पर सख्त हुई गोवा सरकार, दो कंपनियों को कारण बताओ नोटिस

**गोवाः** फार्मा कंपनियों की मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों में बाहर के राज्यों से भर्ती करने की योजना पर विपक्ष के कड़े विरोध के बाद गोवा सरकार ने सख्ती का रुख किया है। श्रम मंत्री अटानासियो मोनसेरेट के अनुसार राज्य के बाहर नियुक्ति विज्ञापन जारी करने के संबंध में दो दवा कंपनियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया है। उनहोंने कहा कि ऐसे भर्ती विज्ञापन जारी करने से पहले कंपनियों को देखना चाहिए कि गोवा में उपयुक्त कार्यबल उपलब्ध है या नहीं। गोवा की फार्मास्युटिकल कंपनियों पर इस समय राज्य सरकार और विपक्ष दोनों की नजरें हैं। इन कंपनियों द्वारा गोवा में अपने मैन्युफैक्चरिंग इकाइयों के लिए राज्य से बाहर के लोगों की नियुक्ति करने का मामला दिन-प्रतिदिन तूल पकड़ता जा रहा है। अब श्रम मंत्री अटानासियो मोनसेरेट ने कहा है कि सरकार श्रम अधिनियम के कुछ प्रावधानों में संशोधन करेगी और रोजगार कानूनों का उल्लंघन करने वाली कंपनियों के खिलाफ कड़ा जुर्माना लगाएगी। मोंसेरेट ने कहा कि राज्य के अधिकारियों को सूचित किए बिना गोवा में रिक्तियों के लिए राज्य के बाहर नियुक्ति विज्ञापन जारी करने के संबंध में दो दवा कंपनियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है।

### जून एवं जुलाई माह के व्रत एवं त्यौहार

| | |
|---|---|
| 21.06.2024 | योगदिवस |
| 26.06.2024 | विश्व नशा विरोध दिवस |
| 01.07.2024 | डाक्टर्स डे |
| 04.07.2024 | श्री विवेकानन्द पुण्यतिथि |
| 08.07.2024 | श्री बल्लभाचार्य पुण्यतिथि |
| 11.07.2024 | जन्संख्या दिवस |
| 14.07.2024 | देवी पार्वती जयंती |
| 19.07.2024 | प्रदोषव्रत |
| 20.07.20224 | सत्यव्रतपूर्णिमा, कोकिलाव्रत |

## फार्मा उद्योग ने कॉस्मेटिक विनिर्माण पर नई अनुसूची एम के प्रभाव पर चिंता जताई

**नई दिल्लीः** दवा उद्योग ने सरकार की नई अधिसूचित अनुसूची एम के बारे में चिंता जताई है, जिसमें दवा उत्पादन के लिए लाइसेंस प्राप्त इकाइयों में दवाओं के अलावा किसी अन्य वस्तु या उत्पाद के निर्माण पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव है। मध्यम और लघु उद्योगों का प्रतिनिधित्व करने वाले फेडरेशन ऑफ फार्मा एंटरप्राइजेज (एफओपीई) ने स्वास्थ्य मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा है कि विशेष रूप से कॉस्मेटिक निर्माण के लिए एक नया संयंत्र स्थापित करना वित्तीय रूप से व्यवहार्य नहीं है। इसने मांग की कि ऐसी इकाइयों को क्रीम और लोशन जैसे बाहरी उत्पादों जैसे सामयिक उत्पादों के निर्माण के लिए समर्पित क्षेत्र में सौंदर्य प्रसाधन बनाने की अनुमति दी जानी चाहिए।

FOPE के प्रतिनिधित्व के अनुसार, संशोधित अनुसूची एम में निर्दिष्ट आवश्यकता ने उन सदस्यों के लिए मुश्किलें खड़ी कर दी हैं जो मध्यम और छोटे पैमाने के फार्मास्यूटिकल उद्यमी हैं जिनके पास अच्छी विनिर्माण प्रथाओं के साथ अच्छी तरह से सुसज्जित सुविधाएं हैं। इस आवश्यकता से एक अपवाद प्रदान किया गया था कि 2001 से पहले लाइसेंस प्राप्त इकाइयों को छोड़कर कोई भी विनिर्माण गतिविधि नहीं की जाएगी। उपर्युक्त अपवाद को देखते हुए, 2001 से पहले लाइसेंस प्राप्त इकाइयों को उसी संयंत्र में न्यूट्रास्यूटिकल्स और आयुर्वेदिक दवाओं जैसे संबद्ध वस्तुओं के निर्माण की अनुमति दी गई थी। उन्हें सामयिक उत्पादों यानी बाहरी तैयारियों के लिए बने खंड में कॉस्मेटिक उत्पादों के निर्माण की भी अनुमति दी गई थी।




4 वर्ष तक घर बैठे यह समाचार पत्र पढ़ने के लिये हमारे पंजाब नैशनल बैंक के खाता संख्या 1824002100120081, IFSC Code - PUNB0145020 जो कि मैडीकल दर्पण के नाम से है, में रू० 500/- जमा कर अपना पूरा पता हमारे फोन नं०- 09045029158 पर SMS कर दें।

A Welcome Opportunity For the PHARMA PROFESSIONALS
for Franchise 3rd Party Ayurvedic medicine
La Botanique International
www.labotaniqueinternational.com
Makers of Keshkumar / Keshkumar Hair Oil and Shampoo
In Quality & State of Art Sections of
Liquid | Tablets | Syrups | Drops | Capsules | Protein Powder | Sachets
Interested Parties for Franchise / PCD may also Contact:
La Botanique International
1780 M.I.E Part B
Bahadurgarh 124507
Haryana
9810102023, 9810010540
renovanutrition71@gmail.com
www.renovanutrition.com | www.velltree.com

# डी-फार्मा डिप्लोमा दिलाने के नाम पर वकील से लाखों की ठगी, एफआईआर दर्ज

**पीलीभीत:** डी-फार्मा डिप्लोमा दिलाने के नाम पर अधिवक्ता से 1.80 लाख रुपये ठगे जाने का मामला सामना आया है। बरेली निवासी जालसाज और उसकी अपनी पत्नी व अन्य साथियों पर ठगी का आरोपी लगा है। पीडित ने बताया कि डी-फार्मा डिप्लोमा दिलाने के नाम पर आरोपी ने उससे रुपये लिए और परीक्षाओं के नाम पर भी दूर-दराज इलाकों में भेजा। मगर जब डिप्लोमा देने का समय आया तो वह टालमटोल करने लगा। इसके बाद मोबाइल स्विच ऑफ भी कर लिया।

कोतवाली पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। टैगोर नगर आवास विकास कॉलोनी के रहने वाले आलोक मिश्र एडवोकेट ने बताया कि अगस्त 2020 में उसका संपर्क बरेली जनपद के थाना कैंट क्षेत्र के लता दीप कॉलोनी के धर्मेंद्र शर्मा उर्फ डीके से हुआ। उसने खुद को नेशनल पैरामेडिकल ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन एंड साइंस चंदौली का संचालक बताया। पीड़ित को डी-फार्मा डिप्लोमा अध्ययन कर परीक्षा उपरांत दिलाने का आश्वासन दिया गया। 31 अगस्त 2020 को पीलीभीत में पीडित के घर आकर 64 हजार रुपये लिए और प्रवेश शुल्क की रसीद दी। इसके बाद आरोपी के निर्देशानुसार उज्जैन ग्वालियर आदि स्थानों पर आयोजित परीक्षाओं में पीडित शामिल हुआ। वर्ष 2020 से 12 जुलाई 2022 तक करीब 1.80 लाख रुपये का भुगतान पीलीभीत के बैंक व नेट द्वारा आरोपी धर्मेंद्र को किया गया।

आरोपी की पत्नी भी मामले में रही सहयोगी जब उक्त परीक्षाओं की अंक तालिका और डिप्लोमा मांगा गया तो वह टालमटोल करने लगा। दिसंबर 2023 में आरोपी ने मोबाइल स्विच ऑफ कर लिया। आरोपी की पत्नी भी उक्त संस्थान के संचालन में सहयोग करती थी। ठगी का एहसास होने पर जानकारी की गई तो पता चला कि आरोपी ने आरोपी द्वारा संचालित संस्थान की किसी सरकारी संस्थान से संबद्धता नहीं है। छात्र-छात्राओं से ठगी कर धन अर्जित करता है। पीडित ने इस मामले की शिकायत पुलिस में की। एसपी को भी डाक से शिकायत पत्र भेजे गए लेकिन सुनवाई नहीं हुई। आखिर पीडित ने कोर्ट की शरण ली। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर आरोपी धर्मेंद्र कुमार शर्मा उर्फ डीके, उसकी पत्नी और अन्य स्टाफ के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

Angiolife Healthcare Pvt. Ltd.
Committed to Healthier Life....
Own Manufacturing Unit
A Professionally Managed Pharma Company Offers Monopoly Rights to Market its products On Franchisee / Ethical Mkt. / PCD Basis On State / Districts Level All Over India
TAB. / CAP. | SOFTGEL | INJECTIONS | SYP. / DRY SYP. | DROPS. / SUSP. | NASAL SPARY | POWDER | RESPULES | LOTION / OINT. | SOAP / SHAMPOO
GENERAL RANGE | ORTHO RANGE | GASTRO RANGE | GYNAE RANGE | PEDIATRIC RANGE | DENTAL RANGE | MISCELLANEOUS | AYURVEDIC RANGE | NEURO RANGE | CARDIO-DIABETIC | DERMA RANGE | OPHTHAL & NASAL | ANALGESIC RANGE | ANTI-INFECTIVE
Areawise Unique Coding System to avoid infiltration
Promotional inputs (Visual Aids, LBLs, Samples, Bags, Product Reminders, Gifts & other timely promos)
• Third Party Manufacturing proposals invited.
Parties Looking for Entire State
••• URGENTLY CALL •••
9501102150 7087002397
7087002398 0172-5012302
For Further Information, Please Write Or Contact Us :
Angiolife Healthcare Pvt. Ltd.
Plot No.: 283, G.F. & BSMT, Ind. Area, Phase-2, Panchkula, (HR) - 134113
angiolifehealthcare@gmail.com, www.angiolifehealthcare.com

# नमक के अधिक सेवन से बढ़ सकती है त्वचा में सूजन की संभावना

**नई दिल्ली:** प्राप्त समाचार के अनुसार एक नए अध्ययन में पाया गया है कि नमक के माध्यम से आमतौर पर ग्रहण किए जाने वाले सोडियम के उच्च स्तर से एक्जिमा का खतरा बढ़ सकता है, जो शुष्क और खुजली वाले पैच वाली त्वचा की सूजन संबंधी स्थिति है। पिछले अध्ययनों में पाया गया है कि त्वचा में मौजूद सोडियम एक्जिमा सहित ऑटोइम्यून और क्रोनिक सूजन संबंधी स्थितियों से जुड़ा हुआ है। उन्होंने यह भी दिखाया है कि अत्यधिक आहार सोडियम युक्त फास्ट फूड का सेवन किशोरों में एक्जिमा की संभावना और उसकी गंभीरता को बढ़ाने से जुड़ा है। नए अध्ययन में पाया गया है कि दैनिक सिफारिश से एक ग्राम अतिरिक्त सोडियम खाने से एक्जिमा के फैलने की संभावना 22 प्रतिशत बढ़ सकती है। एक ग्राम सोडियम मोटे तौर पर आधा चम्मच टेबल नमक या अंतरराष्ट्रीय फास्ट फूड चेन मैकडॉनल्ड्स द्वारा बेचे जाने वाले हैमबर्गर बिग मैक में मौजूद मात्रा के बराबर होता है। जबकि विश्व स्वास्थ्य संगठन एक दिन में दो ग्राम से कम सोडियम सेवन की सलाह देता है, यूके की राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा के अनुसार, अनुशंसित सोडियम सेवन प्रतिदिन 2.3 ग्राम है।

अमेरिका के कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय सैन फ्रांसिस्को (UCSF) के अध्ययन के शोधकर्ताओं ने कहा कि हाल के वर्षों में, विशेष रूप से औद्योगिक देशों में, पुरानी त्वचा की स्थिति अधिक आम हो गई है, जिसका अर्थ है कि आहार जैसे पर्यावरणीय और जीवनशैली कारकों की इसमें भूमिका है। इसलिए, सोडियम का सेवन सीमित करना एक्जिमा रोगियों के लिए अपनी बीमारी का प्रबंधन करने का एक आसान तरीका हो सकता है, उन्होंने कहा। निष्कर्ष द जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन (JAMA) डर्मेटोलॉजी में प्रकाशित हुए हैं। यूसीएसएफ में त्वचा विज्ञान की एसोसिएट प्रोफेसर और अध्ययन की संवाददाता लेखिका कैटरीना अबुबारा ने कहा, रोगियों के लिए एक्जिमा के प्रकोप से निपटना मुश्किल हो सकता है। और पिछले अध्ययनों में पाया गया है कि त्वचा में मौजूद सोडियम एक्जिमा सहित ऑटोइम्यून और क्रोनिक सूजन संबंधी स्थितियों से जुड़ा हुआ है।

www.medicaldarpan.com

Attain Quality Products For Healthy Life
WIDE RANGE OF MORE THAN 1000+ PRODUCTS
FRANCHISE / PCD
FOR MARKETING & DISTRIBUTION WITH MONOPOLY RIGHTS
• NO DEPOSITS
• COMPETITIVE RATES
• FULL PROMOTIONAL SUPPORT
With A Wide Range of
• Tablets / Capsules / Softgels
• Liquids / Dry Syrups
• Injections
• Herbal
• Ointments
• Asthma Rota Caps Range
• Respules
For Further Information Visit www.biophargroup.com
BIOPHAR
BIOPHAR LIFESCIENCES PVT. LTD.
A.O. - Office No-20, Paras Down Square Mall, Zirakpur
R.O. - HB NO. 234, Pabhat, Zirakpur, SAS Nagar(Mohali)
Just SMS (Your Name & Address to 92165-99595)
Email :- biopharls@gmail.com
Our Division
RESPICARD | CAGRUS Biopharma | BIOCADMEH | Mediflower
RECH ELIST PHARMA | WITHSHE | Drugdomino Pharma

# जांच में नकली मिली दवाइयां

**नई दिल्ली:** प्राप्त समाचार के अनुसार जांच में फेमस दवाइयां नकली पाई गई हैं। दिल्ली की चार और झारखंड की एक फार्मेसियों में बेची जा रही आमतौर पर इस्तेमाल की जाने वाली पांच दवाओं के सैंपल अप्रैल माह में लिए गए थे। नियामक अधिकारियों के निरीक्षण में ये सैंपल नकली मिले हैं। गौरतलब है कि केंद्रीय औषधि प्राधिकरण मासिक आधार पर सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों से नकली दवाओं पर डेटा एकत्र करता है। सीडीएससीओ के अनुसार दिल्ली में नकली पाई गई दवाओं में एचआईवी उपचार में इस्तेमाल होने वाली इंस्टाग्रा टैबलेट, रक्तचाप कम करने वाली दवा (टेल्मिसर्टन 40 मिलीग्राम और एम्लोडिपाइन 5 मिलीग्राम टैबलेट) के नाम शमिल हैं। इनके अलावा, माइग्रेन के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाने वाली दवा (डोम्पेरिडोन और नेप्रोक्सन सोडियम टैबलेट) और एंटीबायोटिक रिफैक्सिमिन भी शामिल रही हैं। झारखंड में एक अन्य एंटीबायोटिक, लैक्टिक एसिड बैसिलस के साथ सेफिक्सिम ट्राइहाइड्रेट का सैंपल संबंधित राज्यों के निर्माता और राज्य लाइसेंसिंग अधिकारियों द्वारा किए गए भौतिक तुलना और विश्लेषणात्मक परीक्षणों के आधार पर नकली मिला था। मिजोरम और त्रिपुरा, पांडिचेरी के राज्य औषधि लाइसेंसिंग प्राधिकरण ने कहा कि उन्हें अपने अधिकार क्षेत्र में नकली दवाएं नहीं मिलीं। सीडीएससीओ के अनुसार यूपी निर्धारित प्रारूप में डेटा जमा करने में विफल रहा। आंध्र, अरुणाचल, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल, महाराष्ट्र, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, ओडिशा, पंजाब, राजस्थान, सिक्किम, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तराखंड, बंगाल, अंडमान के राज्य दवा लाइसेंसिंग प्राधिकरण सीडीएससीओ ने कहा कि निकोबार, दादरा नगर और हवेली, दमन और दीव और लक्षद्वीप ने अप्रैल महीने के लिए नकली दवा चेतावनी के संबंध में कोई डेटा जमा नहीं किया है।

DARVINCARE DERMAVISION
ACNEDERV | Lulizex | Glowzex | Minozex 5% | Ketoderv-Plus | Skinlong | Isoderv-20 | Skinlong
VASOLIFE HEALTHCARE
Ticazex-90 | Vasotel-3D | GLIPIZEX-M | Sitazex-M | Sitazex-M Forte | Vildazex-DP | Sitazex-3D | Sitazex-GM 2
A Professionally Managed Pharma Company offers Monopoly Rights to market its products on Franchisee/PCD basis on State/District level all over India
Areawise Unique Coding System to avoid infiltration
Parties looking for entire state URGENTLY CALL 7696048889 9878941960
Plot No. 198, Indl. Area, Phase-2 Panchkula, Haryana
H. O. SCF-434, Basement & IInd Floor, Motor Market, Manimajra, Chandigarh - 160 101,
E-mail : zenacts.arti@gmail.com

Wanted Franchise from all over India, Nepal & Bhutan
Helogen BIOTECH
Our Product Range in
ISO 9001:2008 CERTIFIED COMPANY WHO GMP
Attractive Terms
Assure Monopoly
Long Lasting Relationship
Committed Dealings
We Offers
• Visual Aid • Visiting Cards • Product Cards • Gift Articles • Sample Catch Covers
Trade Enquiries are welcome
Contact No. 01795-244446 09318628899 09882011313
Helogen BIOTECH
SCO No. 6, Genrater House, Opp. City Look Hotel, Sai Road, Baddi-173205 (H.P.)
E-mail:puremedbiotech@gmail.com
www.puremedbiotech.in

# ल्यूपिन ने सनोफी ब्रांड आरने और नालक्रोम का अधिग्रहण किया

**मुंबई:** वैश्विक फार्मा प्रमुख ल्यूपिन लिमिटेड (ल्यूपिन) ने घोषणा की है कि उसकी यूरोपीय इकाई ल्यूपिन अटलांटिस होल्डिंग्स एसए ने जर्मनी में आरने और कनाडा और नीदरलैंड में नालक्रोम का अधिग्रहण पूरा कर लिया है, साथ ही सैनोफी से संबंधित ट्रेडमार्क अधिकार भी हासिल कर लिए हैं। इस घटनाक्रम पर टिप्पणी करते हुए ल्यूपिन के कॉरपोरेट डेवलपमेंट के अध्यक्ष डॉ फैब्रिस एग्रोस ने कहा, यह अधिग्रहण विभिन्न श्वसन रोगों और स्थितियों से पीड़ित रोगियों के इलाज में हमारी वैश्विक स्थिति को मजबूत करेगा और यह गैस्ट्रो-आंत्र देखभाल में सहायक परिसंपत्तियों को जोड़ता है जो ब्रांडेड उत्पादों के हमारे पोर्टफोलियो को व्यापक बनाता है। ल्यूपिन के अनुसार यह अधिग्रहण विशेष क्षेत्रों में अपनी वैश्विक उपस्थिति बढ़ाने की उनकी रणनीति के अनुरूप है, और लूफोरबेकज्ड की शुरूआत के बाद, नव स्थापित फ्रैंचाइज के विस्तार में सहायता करके जर्मनी में कंपनी के श्वसन व्यवसाय को बढ़ाएगा।

# विदेश से भारत में आ रही थीं कैंसर की नकली दवाएं

**नई दिल्ली:** तुर्की, मिस्त्र व सीरिया से भारत में कैंसर और मधुमेह की नकली दवाओं की आपूर्ति के मामले में दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा ने सीरिया के नागरिक समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से चार करोड़ की नकली दवाएं बरामद की गई हैं। आरोपी तीन साल से विदेशों से नकली दवाएं सप्लाई कर रहे थे। पुलिस उपायुक्त राकेश पावरिया ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी भागीरथ प्लेस में श्रीराम इंटरनेशनल ट्रेडर शॉप नाम से दवा की दुकान चलाने वाला नवीन आर्य, कैंसर पीड़ितों को लाने वाला व टैरी व्हाइट लाइफ केयर का संचालक सौरभ गर्ग, करण खनेजा और सीरियाई नागरिक मोनिर अहमद हैं। आरोपी ये दवाएं दिल्ली, मुंबई, कोलकाता, आगरा व लखनऊ में सप्लाई करते थे। असली की आड़ में करते थे नकली दवा की सप्लाई इंस्पेक्टर प्रदीप सिंह को सूचना मिली थी कि दिल्ली व एनसीआर के इलाके में कुछ थोक व खुदरा दवा विक्रेता नकली और अपंजीकृत जीवनरक्षक और कैंसररोधी दवाएं और लाइफस्टाइल दवाएं बेच रहे हैं।

4 वर्ष तक घर बैठे यह समाचार पत्र पढ़ने के लिये हमारे पंजाब नैशनल बैंक के खाता संख्या 1824002100120081, IFSC Code - PUNB0145020 जो कि मैडीकल दर्पण के नाम से है, में रू० 500/- जमा कर अपना पूरा पता हमारे फोन नं०- 09045029158 पर SMS कर दें।










## डायबिटीज, हृदय रोग समेत 54 दवाओं के रेट हुए कम

**नई दिल्ली।** डायबिटीज, हृदय रोग समेत 54 दवाओं के दाम सरकार ने कम कर दिए हैं। इससे आमजन को काफी राहत मिल सकेगी। बता दें कि सरकार ने डायबिटीज, हृदय रोग के अलावा कान की बीमारियों के इलाज में इस्तेमाल होने वाली दवाइयां और मल्टीविटामिन जैसी महत्वपूर्ण 54 दवाइयों के दाम घटा दिए गए हैं। नेशनल फार्मास्यूटिकल प्राइसिंग अथॉरिटी (एनपीपीए) की बैठक में कई प्रमुख दवाओं की कीमतें कम करने का निर्णय लिया गया है। गौरतलब है कि एनपीपीए उन आवश्यक दवाओं के मूल्य तय करने के लिए जिम्मेदार है, जिसे आम जनता इस्तेमाल करती है। इस बैठक में 54 दवा फॉर्मुलेशन और 8 विशिष्ट दवाओं की कीमतें कम करने का अहम फैसला लिया गया। एनपीपीए की बैठक में जिन 54 दवाओं की कीमतें कम की गई हैं, उनमें डायबिटीज, हृदय रोग, एंटीबायोटिक, विटामिन डी, मल्टीविटामिन और कान की दवाएं शामिल हैं। दरअसल यह आम दवाएं रोजाना कई लोगों द्वारा इस्तेमाल की जाती है।

इसके अतिरिक्त, एनपीपीए ने 8 विशिष्ट उत्पादों की कीमतों का भी निर्धारण किया है। इस फैसले के बाद, इन दवाओं की नई कीमतें तुरंत प्रभाव से लागू हो गई हैं। इससे आम लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। बता दें कि सरकार ने पिछले महीने ही कई महत्वपूर्ण दवाओं की कीमतों में कटौती की थी। पिछले महीने आमतौर पर इस्तेमाल होने वाली 41 दवाओं और 6 विशिष्ट दवाओं की कीमतें कम कर दी गई थीं। एंटीबायोटिक, मल्टीविटामिन, डायबिटीज और हृदय रोग की दवाओं की कीमतों में भी कमी की गई थी। इसके अलावा, लीवर, गैस, एसिडिटी, दर्द निवारक और एलर्जी की दवाएं भी सस्ती की गई थीं। दवाओं के दाम कम करने का मुख्य उद्देश्य आम जनता को सस्ती और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना है।




## एस्ट्राजेनेका इंडिया का 2030 तक 15 नई दवाएं लाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली:** प्राप्त समाचार के अनुसार एस्ट्राजेनेका फार्मा इंडिया लिमिटेड के कंट्री प्रेसिडेंट और मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. संजीव पांचाल ने कंपनी की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बारे में बताया कि वे 2030 तक लगभग 15 नई दवाइयां लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं। एस्ट्राजेनेका भारतीय दवा बाजार में उल्लेखनीय वृद्धि का अनुभव कर रही है।

अपने 20 वर्षों के अनुभव से, क्या आप इस वृद्धि को चलाने वाले कारकों के बारे में जानकारी दे सकते हैं? हमारी वृद्धि एक समग्र दृष्टिकोण से प्रेरित है, जो स्वास्थ्य परिणामों को बेहतर बनाने और पुरानी बीमारियों वाले व्यक्तियों के लिए स्वास्थ्य देखभाल को बदलने के लिए विज्ञान की शक्ति का उपयोग करने पर केंद्रित है। नवाचार और विज्ञान के प्रति हमारी प्रतिबद्धता जीवन बदलने वाली दवाओं की हमारी पाइपलाइन में स्पष्ट है, जिसे मरीजों की अपूर्ण जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। ऑन्कोलॉजी में, हम विज्ञान का अनुसरण करके, कैंसर की जटिलताओं को समझकर और जीवन बदलने वाले उपचार विकसित करके कैंसर देखभाल को फिर से परिभाषित करने की क्रांति का नेतृत्व कर रहे हैं। इसी तरह, बायोफार्मास्युटिकल्स में हमारा काम प्रमुख स्वास्थ्य देखभाल चुनौतियों का समाधान करना, बीमारी की प्रगति को रोकना, छूट प्राप्त करना और अंततः अरबों लोगों के जीवन को बेहतर बनाना है।

## टांडा में औषधि निरीक्षक की सख्त कार्रवाई संदिग्ध दवाओं के नमूने लैब भेजे गए

**टांडा रामपुर:** औषधि निरीक्षक मुकेश कुमार द्वारा जिलाधिकारी एवं सिटी मजिस्ट्रेट रामपुर के निर्देशन में नकली, अधोमानक एवं नशीली दवाओं, एवं प्रतिबंधित दवाइयों की रोकथाम के लिए कार्रवाई की जा रही है उक्त के क्रम में न्यू ए एस मेडिकल स्टोर टांडा गवर्नमेंट हॉस्पिटल के सामने एवं रजा मेडिकल स्टोर मसवासी रामपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट 1940 के रूल 65 का अनुपालन नहीं किया जा रहा है एवं क्रय एवं विक्रय अभिलेख प्रस्तुत नही किया गया। इसलिए ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 के अंतर्गत 22 (1) लगाकर न्यू एस मेडिकल स्टोर का 3 दिन के लिए बंद कर दी गई एवं अन्य मेडिकल स्टोर टांडा स्थित दुकान बंद करके भाग गए। निरीक्षण आख्या सहायक आयुक्त औषधि मुरादाबाद मंडल को प्रेषित किया जा रहा है अथवा 2 संदिग्ध नमूने न्यू एस मेडिकल से लिया गया है जो की स्टेट ड्रग टेस्टिंग लैबोरेट्री लखनऊ भेजा गया है।

## नशीली दवा के साथ युवक गिरफ्तार

**पंचकूला:** नशीली दवा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया गया है। एंटी नारकोटिक्स सेल ने आरोपी युवक से 1200 नशीली दवाइयां बरामद की। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान विमल कुमार के रूप में हुई है, जो वर्तमान में टंगरा गांव कालका में किराए पर रहता था। एंटी नारकोटिक्स सेल के इंस्पेक्टर ने बताया कि उन्हें गुप्त जानकारी मिली थी कि आरोपी विमल कुमार कालका पिंजौर में ऑटो चलाता है और नशीली दवाइयां बेचने का भी काम करता है। आरोपी से पुलिस रिमांड के दौरान ही मामले का खुलासे हो सकेगा कि आरोपी कहां से नशे की गोलियां खरीद कर लाता है और इसे कहां-कहां पर सप्लाई करता है। पुलिस ने सूचना के आधार पर अपनी टीम के साथ कालका पिंजौर में दबिश दी। पुलिस ने नाकाबंदी कर वहां से गुजरने वाले हर शख्स की तलाशी ली।







## एक्सप्रेस ट्रेन के कोच से 176 बोतल कफ सिरप बरामद

**सहरसा (बिहार):** एक्सप्रेस ट्रेन के कोच से प्रतिबंधित विसकोडिंग कफ सिरप की 176 बोतल बरामद हुई हैं। बताया गया है कि राजेंद्र नगर इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन के सामान्य कोच में ये लावारिस हालत में पड़े दो पिट्ठू बैग से बरामद की गई हैं। सभी बोतल 100 मिलीलीटर की है। फिलहाल आरपीएफ ने मामला उत्पाद विभाग को सुपुर्द कर दिया है। राजेंद्र नगर सहरसा इंटरसिटी एक्सप्रेस निर्धारित समय पर दोपहर जंक्शन पर पहुंची। गुप्त सूचना के आधार पर आरपीएफ सब इंस्पेक्टर सुजीत कुमार मिश्रा, कांस्टेबल प्रेम किशोर प्रेम, अजीत राय सहित अन्य टीम के अलावा उत्पाद विभाग की टीम जब ट्रेन के कोच की जांच कर रही थी तो एक सामान्य कोच में दो बैग लावारिस हालत में रखे मिले। आसपास के यात्रियों से पूछने पर किसी ने कुछ भी जानकारी नहीं दी। जब बैग की तलाशी ली गई तो उसमें से 176 बोतल प्रतिबंधित कफ सिरप बरामद हुई। यह बिहार राज्य में प्रतिबंधित हैं।










## चाय पर चर्चा

**नींबू वाली चाय**
पेट घटाए।
**अदरक वाली चाय**
खराश मिटाए।
**मसाले वाली चाय**
इम्युनिटी बढ़ाए।
**मलाई वाली चाय**
हैसियत दिखाए।
**सुबह की चाय**
ताजगी लाए
**शाम की चाय**
थकान मिटाए।
**दुकान की चाय**
मजा आ जाए।
**पड़ोसी की चाय**
व्यवहार बढ़ाए।
**मित्रों की चाय**
संगत में रंगत लाए।
**पुलिसिया चाय**
मुसीबत से बचाए।
**अधिकारियों की चाय**
फाइलें बढ़ाए।
**नेताओं की चाय**
बिगड़े काम बनाए।
**विद्वानों की चाय**
सुंदर विचार सजाए।

**कवियों की चाय**
भावनाओं में बहाए।
**रिश्तेदारों की चाय**
संबंधों में मिठास लाए।
**चाय चाय चाय**
सबके मन भाय।
**एक चाय**
भूखे की भूख मिटाए
**एक चाय**
आलस्य भगाए ।
**एक चाय**
भाईचारा बढ़ाए।
**एक चाय**
सम्मान दिलाए।
**एक चाय**
हर काम बन जाए।
**एक चाय**
हर गम दूर हो जाए।
**एक चाय**
रिश्तो में मिठास लाए।
**एक चाय**
खुशियाँ कई दिलाए।
**चाय पिए**
और चाय पिलाए।
जीवन को आनंदमय बनाए।

## कोरेक्स कफ सिरप की तस्करी पकड़ी

**सहरसा:** कोरेक्स कफ सिरप की तस्करी का मामला पकड़ में आया है। तस्कर मौके से सिरप से भरी लक्जरी कार छोडकर फरार होने में कामयाब हो गए। यह जानकारी एसडीपीओ ने दी। सदर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी आलोक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि एक काले रंग की क्रेटा कार में अवैध कोरेक्स कफ सिरप की तस्करी की जा रही है। यह मघेपुरा जिला के ग्वालपाड़ा की ओर से पस्तपार की तरफ आ रही है। सूचना के आधार पर पस्तपार थानाध्यक्ष पंकज कुमार व अन्य पुलिस कर्मी ने मिलकर मधेपुरा–पस्तपार सीमा पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया।










## प्रतिबंधित दवा की तस्करी में गिरफ्तार दोषी को 10 साल कैद

**सिरसा:** प्रतिबंधित दवा की तस्करी मामले में गिरफ्तार दोषी को स्पेशल एनडीपीएस फास्ट ट्रैक कोर्ट ने 10 साल कैद और एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना न भरने पर एक साल अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। सीआईए डबवाली पुलिस 8 नवंबर 2020 को इलाके में गश्त कर रही थी। इसी दौरान गांव अबूबशहर में पुलिस ने एक संदिग्ध युवक को हिरासत में लिया। युवक के पास प्लास्टिक का थैला था। पुलिस ने जब उसकी तलाशी ली तो थैले में से प्रतिबंधित दवा की एक हजार गोलियां बरामद हुई। पूछताछ में युवक की पहचान कालू राम निवासी गांव अबूबशहर के रूप में हुई। पुलिस ने कालू राम के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पब्लिक प्रोसिक्यूटर मुनीष बजाज ने बताया कि न्यायाधीश डॉ. अशोक कुमार ने कालू राम को दोषी करार देते हुए 10 साल कैद की सजा सुना दी। फैसले से पहले दोषी ने न्यायाधीश से सजा में नरमी बरतने की गुहार लगाई थी। दोषी कालूराम ने कहा कि वह गरीब व्यक्ति है और उसकी बुजुर्ग मां बीमार है। उसके दो बच्चे हैं और उनकी देखभाल करने वाला उसके अलावा कोई दूसरा नहीं है। कोर्ट ने दोषी पर एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया है।




नीरू गर्ग स्वामी की ओर से ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा प्रकाशित, ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा मुद्रित तथा इम्प्रेशंस प्रिंटिंग एण्ड पैकिंग लिमिटिड नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में मुद्रित एवं के० पी० रोड, बुलन्दशहर से प्रकाशित, सम्पादक – ब्रजेश कुमार गर्ग